उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार शुल्क वृद्धि को वापस लिए जाने के संबंध में सीबीएसई के साथ भी विचार-विमर्श कर रही है। यदि सीबीएसई इस शुल्क को वापस नहीं लेती है तो इसका सारा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। इससे छात्र और उनके अभिभावकों पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा।

सीबीएसई की नई व्यवस्था में कक्षा 10वीं और 12वीं के सामान्य वर्ग के छात्रों के शुल्क में भी दोगुनी वृद्धि की गई है। उन्हें पांच विषयों के लिए 750 रुपए के स्थान पर 1500 रुपए देने होंगे।

इसी प्रकार अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों को पहले पांच विषयों के लिए बतौर फीस 375 रुपए देने होते थे। जो अब उन्हें 1,200 रुपए देने होंगे। राष्ट्रीय राजधानी में विशेष व्यवस्था के तहत ये छात्र केवल 50 रुपए का भुगतान कर रहे थे जबकि दिल्ली सरकार शेष राशि का भुगतान सब्सिडी के रूप में कर रही थी।

आतंकी-नक्सली हमलों से निपटेगा रेलवे का कमांडो दस्ता 'कोरस'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 अगस्त।

आंतकी और नक्सली हमलों से निपटने के लिए रेल मंत्रालय का कमांडो दस्ता तैयार है। रेल मंत्रालय ने रेलवे पुलिस फोर्स की कमांडो बटालियन 'कोरस'(कमांडो फॉर रेलवे सिक्यूरिटी) तैयार की है। ये कमांडो उत्तर पूर्व राज्य, कश्मीर और नक्सल प्रभावित इलाकों में रेल और रेल संपत्ति की सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे। नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने इस दस्ते को लांच किया। दस्ते में रेलवे पुलिस फोर्स 'आरपीएफ' के चुनिंदा जवानों को शामिल किया गया है और उनको एनएसजी कमांडो की तर्ज पर ट्रेनिंग दी गई है। दस्ते में 1200 महिला और पुरुष कमांडो शामिल हैं।

इस मौके पर केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद हम एक ऐतिहासिक स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं। इसके लिए रेल मंत्री ने रेलवे के डीजी अरुण कुमार को बुधाई दी।

उन्होंने कहा कि नक्सल इलाकों में माओवादी ताकतों के सामने आरपीएफ को बतौर कमांडो की तरह काम करते हुए देखा गया था। इस आधार पर यह नया कंमाडो दस्ता तैयार किया गया है। ये फोर्स हर विशेष परिस्थितियों में काम करने में सक्षम है। इस दस्ते में विशेषतौर पर 30-35 वर्ष की आयु के जवानों को शामिल किया गया है।

रेल मंत्री ने बताया कि जल्द ही हरियाणा में स्टेट ऑफ आर्ट तकनीक पर एक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। इससे यात्रियों के लिए सुरक्षा बंदोबस्त कड़े किए जा सकेंगे।

रेल मंत्री ने बताया कि आरपीएफ ने रेल नेटवर्क में सक्रिय दलालों पर नकेल कसने के लिए बेहतरीन काम किया है। अभियान में 1000 के करीब सक्रिय दलाल पकड़े थे। रेल यात्रियों से भी अनुरोध है कि कोई दलाल आपको टिकट देने की कोशिश करता है तो ऐसे लोगों से टिकट न लें। इस व्यक्ति की नजदीकी रेल अधिकारी के पास शिकायत करें। उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

प्रियंका गांधी के निजी सचिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

सोनभद्र (उप्र), 14 अगस्त (भाषा)।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के निजी सहायक संदीप सिंह के खिलाफ एक पत्रकार ने घोरावल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। संदीप सिंह द्वारा पत्रकार से बदसलूकी किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

प्रभारी पुलिस निरीक्षक सी पी पाण्डेय ने बताया कि एक समाचार चैनल के संवाददाता की शिकायत पर मंगलवार को देर शाम प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी में पत्रकार ने आरोप लगाया है कि प्रियंका के निजी सहायक उनसे (नीतीश) मारपीट की और धमकी दी।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

सार्वजनिक सूचना

ईपीसीए के निर्देशानुसार 16 अगस्त, 2019 की मध्य रात्रि से आरएफआईडी टैग/पर्याप्त रीचार्ज राशि के बिना दिल्ली में प्रवेश कर रहे सभी व्यावसायिक वाहनों को जुर्माने सहित प्रथम सप्ताह के दौरान ईसीसी एवं एमसीडी टोल की निर्धारित दरों का **दुगना**, द्वितीय सप्ताह के दौरान ईसीसी एवं एमसीडी टोल की निर्धारित दरों का **चार गुना** तथा तृतीय सप्ताह के दौरान ईसीसी एवं एमसीडी टोल की निर्धारित दरों का **छः गुना** भुगतान करना होगा। वाहन की श्रेणी के आधार पर ईसीसी एवं टोल दरें निर्धारित हैं।

असुविधा से बचने के लिए, सभी व्यावसायिक वाहनों के मालिकों/ट्रांसपोर्टरों से अनुरोध किया जाता है कि वे आरएफआईडी टैगों हेतु पूर्व-पंजीकरण तथा टैगों के रीचार्ज के लिए 13 प्रवेश स्थलों/आरएफआईडी टोल प्लाजा पर स्थापित परमानेंट प्वाइंट्स ऑफ सेल (पीओएस) पर आयें।

उपरोक्त 13 स्थानों के अतिरिक्त, दिल्ली में प्रवेश के स्थलों से पहले हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश राज्यों में निम्नलिखित 06 स्थाई पीओएस स्थापित किए गए हैं :-

1. टीकरी मेन, बहादुरगढ़ बाईपास रोड, निकट नया बस स्टैण्ड, हरियाणा
2. इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प, निकट बिस्वा मिल, जीटी करनाल रोड, कुंडली सोनीपत, हरियाणा
3. जीटी रोड, आनन्द इंडस्ट्रियल एस्टेट, मोहन नगर, आईटीएस कॉलेज के सामने, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
4. सैक्टर-1, हैरिटेज विलेज रिजॉर्ट, मानेसर पुलिस स्टेशन, एनएच-8, मानेसर, हरियाणा
5. एनएच-24 पुल, यूपी गेट, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
6. एनएचएआई एवं एमसीडी टोल टैक्स, बदरपुर, हरियाणा बॉर्डर निकट भारत पेट्रोल पम्प, आगरा रोड, बदरपुर, दिल्ली

वाहनों का बड़ा बेड़ा रखने वाले ट्रांसपोर्टर व्यावसायिक वाहनों के आरएफआईडी टैगों का पूर्व-पंजीकरण प्राप्त करने तथा रीचार्ज हेतु अपने वांछित स्थान पर मोबाईल वैन/पीओएस का प्रावधान/व्यवस्था के लिए हमारे टोल ऑपरेटर **मैसर्स एमईपी इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपर्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों से उपरोक्त स्थानों पर अथवा उनके मोबाईल नम्बर डीएनडी-7903176120, रजोकरी-9354320562 तथा केजीटी (कुंडली)-9205262947** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मोबाईल के माध्यम से आरएफआईडी टैग रीचार्ज करने के लिए ग्राहक अपने मोबाईल नम्बर को पंजीकृत करके **अपने मोबाईल प्ले स्टोर से "एमसीडी टोल" एप डाउनलोड कर सकते हैं।**

इस विषय में कोई कठिनाई होने पर, ट्रांसपोर्टर/वाहन मालिक श्री गणेश विस्वास फड़के से उनके मोबाईल नम्बर 8879333612 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

आर.ओ. नं. 39/डीपीआई/दक्षिणी/2019-20 सहायक आयुक्त (टोल टैक्स)

Bank of India
Relationships beyond banking.

बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, नई दिल्ली क्षेत्र, "स्टारहाउस", एच-2, कनाट सर्कस, मिडिल/आउटर सर्कल, पीवीआर प्लाज़ा हाल के पास, नई दिल्ली-110001, फोन नं. 011-28844099

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तु क के साथ पठित वित्तीय आस्तियोंका प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

1. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **प्रलक्षित कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स सोलर एक्सिम प्रा. लि., निदेशक व गारंटर : श्री नीरज गुप्ता, श्रीमति नूपुर गुप्ता तथा अन्य गारंटर : श्रीमति शशि गुप्ता** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 132.82 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 67.81 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 6.78 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (आवासीय) संपत्ति नं 85, प्लॉट नं. 8540, 8600 और 8601 पर, प्रथम तल और टेरिस तल (भाग), मॉडल बस्ती, नई दिल्ली-110005 जो कि श्रीमती शशि गुप्ता पत्नी श्री निर्मल कुमार गुप्ता के नाम पर है। क्षेत्रफल - 85.91 वर्ग मीटर
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री अजय कश्यप, फोन - 011-28113932
स्थान : नई दिल्ली

2. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **वास्तविक कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **उधारकर्ता : श्रीमति रोज़ी शर्मा और गारंटर : श्री हर्ष शर्मा तथा मैसर्स स्टार एंटरप्राइजेज़** से बैंक ऑफ इंडिया की **(रोज़ी शर्मा) रुपये 37.23 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार तथा (स्टार एंटरप्राइजेज़) रुपये 272.97 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 225.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 22.50 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (आवासीय) संपत्ति स्थित बी-12, तीसरा फ्लोर, ब्लॉक-बी, सेक्टर-डी, विशाल एंक्लेव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 जो कि श्रीमति रोज़ी शर्मा के नाम पर है। क्षेत्रफल - 2025 वर्ग फीट
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री अजय कश्यप, फोन - 011-28113932
स्थान : नई दिल्ली

3. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **वास्तविक कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स शोरेवाला ग्लोबल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, निदेशक तथा गारंटर : श्री आलोक शोरेवाला, श्री अतुल शोरेवाला, श्री अनिल शोरेवाला तथा अन्य गारंटर : श्रीमति कलावती शोरेवाला** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 861.33 लाख + यूसीआई + अन्य शुल्क और (कार्पोरेशन बैंक) रुपए 1597.00 लाख + यूसीआई + अन्य शुल्क की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक 20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 1930.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 193.00 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (व्यावसायिक) पारिपस्सू चार्ज में संपत्ति संख्या 7878, वार्ड संख्या 12, दीनानाथ रोड, रोशनारा रोड, दिल्ली-110007 जो कि श्रीमती कलावती देवी के नाम पर है। क्षेत्रफल - 3345 वर्ग गज
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, सुश्री संगीता खोसला, फोन - 011-41823676
स्थान : नई दिल्ली

4. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **प्रलक्षित कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स बोन मार्ट इंटरनेशनल लिमिटेड, निदेशक व गारंटर : श्री राकेश बंसल, श्री सनेह प्रकाश बंसल, श्री तुषार बंसल** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 896.51 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 90.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 9.00 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (आवासीय) 307, तीसरी मंजिल, पर्ल हाइट्स, ग्रुप हाउसिंग (टाइप-3), पॉकेट 10, सेक्टर 9, वैशाली एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 जो कि श्री राकेश बंसल के नाम पर है। क्षेत्रफल - 148.64 वर्ग मीटर
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री शशिकांत सदामरतीय, फोन - 011-23717344
स्थान : नई दिल्ली

5. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **प्रलक्षित कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स बोन मार्ट इंटरनेशनल लिमिटेड, निदेशक व गारंटर : श्री राकेश बंसल, श्री सनेह प्रकाश बंसल, श्री तुषार बंसल** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 896.51 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 90.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 9.00 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (आवासीय) 410, चौथी मंजिल, पर्ल हाइट्स, ग्रुप हाउसिंग (टाइप-3), पॉकेट 10, सेक्टर 9, वैशाली एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 जो कि श्री सनेह प्रकाश बंसल के नाम पर है। क्षेत्रफल - 154.22 वर्ग मीटर
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री शशिकांत सदामरतीय, फोन - 011-23717344
स्थान : नई दिल्ली

6. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **वास्तविक कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स बोन मार्ट इंटरनेशनल लिमिटेड, निदेशक व गारंटर : श्री राकेश बंसल, श्री सनेह प्रकाश बंसल, श्री तुषार बंसल** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 896.51 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 42.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 4.20 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (आवासीय) फ्लैट नं बी-1005, एससीसी सैफायर, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 जो कि श्री राकेश बंसल के नाम पर है। क्षेत्रफल - 140.75 वर्ग मीटर
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री शशिकांत सदामरतीय, फोन - 011-23717344
स्थान : नई दिल्ली

7. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **वास्तविक कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स बोन मार्ट इंटरनेशनल लिमिटेड, निदेशक व गारंटर : श्री राकेश बंसल, श्री सनेह प्रकाश बंसल, श्री तुषार बंसल** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 896.51 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 42.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 4.20 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (आवासीय) फ्लैट नं बी 1105, एससीसी सैफायर, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 जो कि श्री राकेश बंसल के नाम पर है। क्षेत्रफल - 140.75 वर्ग मीटर
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री शशिकांत सदामरतीय, फोन - 011-23717344
स्थान : नई दिल्ली

8. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **वास्तविक कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स बोन मार्ट इंटरनेशनल लिमिटेड, निदेशक व गारंटर : श्री राकेश बंसल, श्री सनेह प्रकाश बंसल, श्री तुषार बंसल** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 896.51 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 42.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 4.20 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (आवासीय) फ्लैट नं बी 1205, एससीसी सैफायर, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 जो कि श्री राकेश बंसल के नाम पर है। क्षेत्रफल - 140.75 वर्ग मीटर
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री शशिकांत सदामरतीय, फोन - 011-23717344
स्थान : नई दिल्ली

9. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **वास्तविक कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स बोन मार्ट इंटरनेशनल लिमिटेड, निदेशक व गारंटर : श्री राकेश बंसल, श्री सनेह प्रकाश बंसल, श्री तुषार बंसल** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 896.51 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 42.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 4.20 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (आवासीय) फ्लैट नं बी 12A05, एससीसी सैफायर, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 जो कि श्री तुषार बंसल के नाम पर है। क्षेत्रफल - 140.75 वर्ग मीटर
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री शशिकांत सदामरतीय, फोन - 011-23717344
स्थान : नई दिल्ली

10. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **प्रलक्षित कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स जी. डी. इंडस्ट्रीज, पार्टनर्स : श्री सुनील शर्मा, श्री रॉबिन शर्मा, श्री नीलम शर्मा तथा गारंटर : श्री दिनेश शर्मा** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 1602.98 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 2080.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 208.00 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (व्यावसायिक) 1156/57, ग्राउंड फ्लोर तथा मेज्जनाइन फ्लोर, वार्ड-2, कूचा महाजनी, चाँदनी चौक, दिल्ली-110006 जो कि श्री सुनील कुमार शर्मा के नाम पर है। क्षेत्रफल - 21.75 वर्ग मीटर
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री शशिकांत सदामरतीय, फोन - 011-23717344
स्थान : नई दिल्ली

11. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **प्रलक्षित कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स मान इंटरनेशनल इंडिया (प्रा.) लिमिटेड, निदेशक व गारंटर : श्री सतवीर सिंह मान, श्री मिकी मान, श्रीमति सुरेन्द्र कौर मान** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 41.92 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 39.58 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 3.96 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (व्यावसायिक) संपत्ति संख्या 836/8, प्रथम तल, मान मार्केट, बीपीसी पेट्रोल पम्प के विपरीत, पुराना तहसील रोड, गोहाना, जिला सोनीपत, हरयाणा-131301 जो कि श्री मिकी मान के नाम पर है। क्षेत्रफल - 135.33 वर्ग गज
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री शशिकांत सदामरतीय, फोन - 011-23717344
स्थान : नई दिल्ली

12. आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का **वास्तविक कब्जा** बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **मैसर्स सैनी एंटरप्राइजेज, प्रोपराइटर : श्री पवन सैनी** से बैंक ऑफ इंडिया की **रुपये 36.90 लाख + यूसीआई + अन्य प्रभार** की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **20.09.2019** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपए 52.00 लाख** होगा और अग्रिमधन राशि **रुपए 5.20 लाख** होगी।
संपत्ति का विवरण :- (आवासीय - भूमि और भवन) प्लॉट नं सी-131, गली नंबर 4, पहला पुश्ता, न्यू उस्मानपुर, शाहदरा, दिल्ली-110053 जो कि श्रीमती चंदो देवी के नाम पर है। क्षेत्रफल - 66.88 वर्ग मीटर
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वैबसाइट **https://www.bankofindia.co.in/Dynamic/Tender?Type=3** देखें।
दिनांक : 14.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी, श्री प्रदीप कुमार, फोन - 011-22583135
स्थान : नई दिल्ली

नियम और शर्तें

1) नीलामी बिक्री / बोली केवल "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया" **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट के माध्यम से होगी।
2) **ईएमडी राशि के साथ दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 19.09.2019 या उससे पहले शाम 5 बजे तक।**
3) **नीलामी की तिथि और समय 20.09.2019 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक असीमित 5 मिनट प्रत्येक ऑटो-एक्सटेंशन के साथ।**
4) नीलामी **आरक्षित मूल्य + पहले वृद्धि मूल्य** पर शुरू होगी, जैसा कि ऊपर बताया गया है। सभी सम्पत्तियों के लिए उपरोक्त तालिका में उल्लिखित गुणकों में बोलीदाता अपने प्रस्तावों में सुधार करेंगे।
5) इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करवाना है और मैसर्स सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (श्री विनोद चौहान - +919813887931) से उनकी यूजर आईडी और पासवर्ड निः शुल्क प्राप्त करना है, जिसके पश्चात उन्हें उक्त पोर्टल पर ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।
6) इच्छुक बोलीदाताओं को नीलामी की बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पहले उपरोक्त संपत्ति से संबंधित किसी भी वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, बिजली बकाया आदि के बारे में स्वयं अपनी पूछताछ करनी होगी। संपत्तियों को सभी मौजूदा और भविष्य के एन्कम्ब्रेन्स के साथ बेचा जा रहा है, चाहे बैंक को ज्ञात हो या अज्ञात हो। अधिकृत कार्यालय / सुरक्षित लेनदार किसी भी तरह से किसी भी तीसरे पक्ष के दावों / अधिकारों / बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
7) ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण प्राधिकृत अधिकारी / बैंक की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार है। प्राधिकृत अधिकारी और / या बैंक इस सार्वजनिक सूचना में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होंगे।
8) उपर्युक्त संपत्ति ऊपर उल्लिखित आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेची जाएगी। इच्छुक बोलीकर्ताओं को संपत्ति के क्रय के लिए ई-नीलामी के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों / विवरणों को ईएमडी के साथ एक लिफाफे में सुपर-लिपिबद्ध "सरफेसी एक्ट 2002 के तहत संपत्ति की खरीद के लिए नीलामी के लिए ईएमडी राशि",उपरोक्त सभी संपत्तियों के लिए तालिका में उल्लिखित खाते के नाम के साथ **19.09.2019** को या उससे पहले शाम 5 बजे तक जमा करना होगा: -
   ए) ईएमडी राशि एनईएफटी / आरटीजीएस के माध्यम से यूटीआर नंबर के साथ रसीद के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा।
   बी) पैन कार्ड, पहचान पत्र तथा पते के प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी हालांकि, सफल बोलीदाता को बोली राशि की शेष 25% राशि का भुगतान करते समय मूल दस्तावेजों को बैंक प्रस्तुत करना होगा।
   सी) बोलीदाता का नाम, संपर्क नंबर, वैकल्पिक नंबर, पता, ई-मेल आईडी इत्यादि।
   डी) ईएमडी के ऑनलाइन वापसी के लिए बोलीदाताओं के खाते का विवरण।
9) उच्चतम / सफल बोलीदाता के मामले में ईएमडी राशि समायोजित कर दी जाएगी, अन्यों को बिक्री समाप्त होने के 5 दिनों के भीतर ईएमडी राशि वापस कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। यदि बोलीदाता बोली जमा करने / ईएमडी राशि जमा करने के बाद ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग नहीं लेता हैऔर यदि वह एकमात्र बोलीदाता है, तो उसकी बोली को उ

जनसत्ता

15 अगस्त, 2019

शांति और चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने कश्मीर घाटी में लगे प्रतिबंधों को हटाने के मामले में दखल देने से यह कहते हुए साफ इनकार कर दिया है कि घाटी में हालात अभी बहुत ही संवेदनशील हैं, ऐसे में प्रतिबंधों को हटाने के लिए वह सरकार को कोई निर्देश नहीं देगी। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 के ज्यादातर प्रावधान हटा दिए जाने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर सरकार ने घाटी में कड़े प्रतिबंध लगा दिए गए थे। हालांकि जम्मू क्षेत्र से तो प्रतिबंध हटा लिए गए हैं क्योंकि अब वहां स्थिति सामान्य होने का दावा किया जा रहा है। लेकिन कश्मीर घाटी में हालात संतोषजनक नहीं हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि कश्मीर घाटी के लोगों को इन दिनों जिस तरह के कड़े प्रतिबंधों के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, वह वाकई मुश्किलों भरा है। निषेधाज्ञा के साथ-साथ घाटी में मोबाइल, लैंड लाइन फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद हैं और इससे लोग दूसरी जगहों पर अपने परिजनों की खैरियत तक नहीं ले पा रहे हैं। बाजारों में सन्नाटा पसरा है, काम-धंधे ठप हैं और लोग घरों से बाहर निकलने से भी बच रहे हैं और सबसे बड़ी बात तो यह कि लोगों के मन में भय बना हुआ है कि अब क्या होगा। हाल में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई जिसमें लोगों की दिक्कतों का हवाला देते हुए घाटी से तत्काल सारे प्रतिबंध हटाने की मांग की गई, खासतौर से संचार सेवाओं से जुड़े प्रतिबंध। लेकिन घाटी में इस वक्त जिस तरह के संवेदनशील हालात हैं उसमें प्रशासन कैसे प्रतिबंधों को हटा सकता है, यह याचिकाकर्ता ने नहीं सोचा।

सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि घाटी में जिस तरह के हालात हैं उनमें वहां स्थिति सामान्य करने के लिए प्रशासन को अभी वक्त लगेगा, ऐसे में प्रतिबंधों को हटाने के लिए रातों-रात कुछ नहीं किया जा सकता। सरकार और प्रशासन अपना जो काम कर रहे हैं उसमें अदालत दखल नहीं देगी और जब तक सरकार यह नहीं कह देती कि घाटी में हालात सामान्य हो चुके हैं, तब तक इस बारे में कुछ विचार भी नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत का यह रुख सरकार के लिए बड़ी राहत है क्योंकि धारा 370 को बेअसर किए जाने के बाद से ही कई राजनीतिक दल और संगठन वहां लगाए गए प्रतिबंधों पर सवाल उठा रहे हैं। मामला ज्यादा इसलिए भी ज्यादा गरमाया हुआ है कि श्रीनगर में तो अखबार तक बंद हैं। यह प्रेस की आजादी से जुड़ा सवाल है। इस मामले में श्रीनगर के एक स्थानीय अखबार की संपादक ने भी अदालत का दरवाजा खटखटाया है। घाटी को लेकर इस वक्त सरकार के सामने संकटपूर्ण स्थिति है। सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह का जोखिम लोगों के लिए भारी पड़ सकता है और कश्मीर को लेकर सरकार के प्रयासों को झटका लग सकता है।

अक्तूबर में सरकार श्रीनगर में निवेशकों का सम्मेलन कराने की तैयारी में है ताकि घाटी में उद्योग लगाने का रास्ता साफ हो सके और नौजवानों को काम-धंधे में लगाया जा सके। ऐसे में आज प्रशासन के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती लोगों को अफवाहों से बचाने की है। अफवाहें हिंसा फैलाने में आग में घी का काम करती हैं। घाटी के कुछ जिलों से तो छिटपुट हिंसा-प्रदर्शन की खबरें आई भी हैं। कश्मीर में लोगों की सुरक्षा और हालात सामान्य बनाना सरकार और प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। जब जनजीवन पटरी पर लौटने लगेगा तभी लोगों में भय खत्म होगा और विकास संबंधी काम शुरू हो सकेंगे।

चिकित्सक की सुरक्षा

कुछ सालों से यह प्रवृत्ति-सी बन गई लगती है कि अस्पतालों में किसी मरीज को माकूल इलाज न मिल पाने पर उसके परिजनों और रिश्तेदारों का गुस्सा फूट पड़ता है। वे हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। पिछले कुछ महीनों में ऐसी कई घटनाएं देखी गईं, जिनके चलते डॉक्टरों और दूसरे चिकित्साकर्मियों में आक्रोश पैदा हुआ। कोलकाता के एक अस्पताल में एक मरीज की मौत हो जाने के बाद उसके परिजनों और रिश्तेदारों ने आपत्ति दर्ज कराई और फिर चिकित्सकों पर हिंसक हमले किए। इसे लेकर डॉक्टरों ने काम करना बंद कर दिया। उनकी हड़ताल को देश भर के स्वास्थ्यकर्मियों का समर्थन मिला। पश्चिम बंगाल सरकार को इस मामले से निपटने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हफ्तों स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। इसी तरह दिल्ली के एक अस्पताल में भी कुछ परिजनों और रिश्तेदारों ने प्रशिक्षण ले रहे एक डॉक्टर पर हमला कर दिया, तो उसके विरोध में आंदोलन शुरू हो गया। इन घटनाओं के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में तैनाती के दौरान चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा संबंधी मसविदा विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस मसविदे में तैनाती के दौरान किसी चिकित्साकर्मी पर हमला, अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है।

प्रस्तावित विधेयक के अनुसार अगर कोई व्यक्ति या समूह किसी चिकित्सीय संस्थान में तैनात किसी डॉक्टर या अन्य चिकित्साकर्मियों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर देते हैं, तो उन्हें तीन से दस साल तक कैद की सजा भुगतनी और दो से दस लाख रुपए तक जुर्माना भरना पड़ सकता है। इसी तरह अस्पताल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को छह महीने से लेकर पांच साल तक की कैद और पचास हजार से लेकर पांच लाख रुपए तक जुर्माने का दंड दिया जा सकता है। उम्मीद की जा रही है कि इस दंडात्मक प्रावधान के बाद अस्पतालों के कामकाज में मरीजों के परिजनों और रिश्तेदारों का नाहक दखल और किसी प्रकार के असंतोष की स्थिति में हिंसक गतिविधियों पर नकेल कसेगी। हालांकि इससे अस्पतालों की सेवाओं और चिकित्साकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठता में कितना परिवर्तन आएगा या उनकी विश्वसनीयता कितनी बढ़ेगी, कहना मुश्किल है।

मरीजों को उचित इलाज न मिल पाने, चिकित्सकों की लापरवाही, अस्पतालों की मनमानी, चिकित्साकर्मियों की बेरुखी, भेदभावपूर्ण व्यवहार आदि संबंधी शिकायतें आम हैं। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जब अस्पतालों की बेरुखी या मनमानी के चलते कई ऐसे मरीजों की जान चली गई, जो सामान्य उपचार से ठीक हो सकते थे। सरकारी अस्पतालों में तो लापरवाही के अनेक किस्से हैं, निजी अस्पताल भी ऐसे आरोपों से बरी नहीं हैं। इन्हीं सबके चलते मरीजों के परिजनों और रिश्तेदारों या फिर उनके समर्थन में उतरे लोगों का गुस्सा फूट पड़ता है। यह सही है कि लोगों में बढ़ती इस प्रवृत्ति के चलते अस्पतालों के कामकाज में बाधा उत्पन्न होती है, उसका खमियाजा दूसरे मरीजों को भुगतना पड़ता है, कई बार डॉक्टर सशंकित भी देखे जाते हैं। उन्हें सुरक्षित वातावरण मिलना जरूरी है। मगर यह जरूरत लंबे समय से रेखांकित की जाती रही है कि डॉक्टरों की जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। मगर इस दिशा में कोई भरोसेमंद प्रावधान नहीं किया गया है। पिछले कुछ सालों में हमारे चिकित्सा तंत्र की साख बहुत तेजी से गिरी है। अनेक योजनाओं के बावजूद आम लोगों को विश्वसनीय चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराना चुनौती बना हुआ है। ऐसे में चिकित्साकर्मियों को निर्भय होकर काम करने का वातावरण देने के साथ-साथ चिकित्सा व्यवस्था को भी भरोसेमंद बनाने पर ध्यान देने की दरकार है।

कल्पमेधा

मतभेद भुला कर किसी विशिष्ट काम के लिए सारे पक्षों का एक हो जाना जिंदा राष्ट्र का लक्षण है।
-लोकमान्य तिलक

ब्रेग्जिट और भविष्य का संकट

ब्रह्मदीप अलूने

ब्रिटेन के यूरोपीय यूनियन से बाहर आने के संकट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। स्वयं ब्रिटेन की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी यह बड़ी चुनौती बन सकता है। ब्रिटेन के यूरोपीय यूनियन से अलग होने से अन्य देश भी अलगाव के रास्ते पर जा सकते हैं। स्कॉटलैंड और आयरलैंड के लोग इस संधि में बने रहना चाहते हैं, अतः ब्रिटेन के अलग होने से अलगाववाद पुनः यहां सिर उठा सकता है।

रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने जब उदारवादी वैश्विक अर्थव्यवस्था के युग में लोकतंत्र में उदारवाद के समाप्त होने का अंदेशा जताया था तो इसकी कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष डोनल्ड टस्क ने इसका जवाब देते हुए कहा था कि ऐसा सोचना ठीक वैसा ही है जैसे दुनिया में आजादी का समाप्त हो जाना या कानून के शासन और मानवाधिकारों का बेकार हो जाना। दरअसल, उदारवाद को लेकर दुनिया के कई देशों की आंतरिक और वैश्विक राजनीति में भारी विरोधाभास देखने को मिल रहे हैं। विश्व के सबसे बड़े बाजार यूरोपियन यूनियन का आर्थिक द्वार ब्रिटेन भी इस नीति को लेकर गहरे पसोपेश में है। ब्रिटिश समाज मुक्त व्यापार के फायदों और अपने देश की आर्थिक प्रगति से ज्यादा अप्रवासन की उन चुनौतियों से ज्यादा आशंकित है जो पूर्वी यूरोप और गृहयुद्ध से जूझ रहे अरब और अफ्रीकी देशों से आ रही है। यहां के निवासियों को लगता है कि यूरोपीय यूनियन में ज्यादा समय तक बने रहने से न केवल उनका सांस्कृतिक और सामाजिक परिदृश्य बदल जाएगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के सामने रोजगार और सुरक्षा का संकट भी गहरा सकता है।

ब्रेग्जिट पर यूरोपीय संघ के साथ समझौते को संसद से पास न करा पाने से निराश थेरेसा मे के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद भी इस देश की आंतरिक राजनीति में उथल-पुथल थमती नहीं दिखाई पड़ रही है। नए प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन घोर परंपरावादी माने जाते हैं और वे उदारवाद के नाम पर अप्रवासन और यूरोपीय संघ के मुक्त आवाजाही के नियमों को बर्दाश्त कर लें, इसकी संभावनाएं नगण्य हैं। दुनिया भर में उदारवादी लोकतंत्र को मार्ग दिखलाने के लिए ब्रिटेन की पहचान रही है। लेकिन वर्तमान में दक्षिणपंथी राजनीति के वैश्विक उभार का व्यापक असर यहां के समाज पर भी देखने को मिल रहा है। यूरोपीय संघ के मुक्त अर्थव्यवस्था के इतर फ्रीडम ऑफ मूवमेंट का विरोध जिस प्रकार ब्रिटेन में किया गया, उससे दुनिया की साझा संस्कृति वाले समाज की कमजोर होती जड़ें खुल कर सामने आई हैं। इस समय ब्रिटेन की राजनीति में उथल-पुथल होने का सबसे बड़ा कारण ही यह है कि यूरोपीय संघ के लिए भले ही अर्थव्यवस्था बड़ा मुद्दा हो लेकिन ब्रिटेन के लिए अप्रवासन को बड़ी समस्या और चुनौती मान लिया गया है।

साल 2011 में ब्रिटेन में जनगणना करने वाले विभाग ऑफिस फॉर नेशनल स्टेटिस्टिक्स ने जब ब्रिटेन की जनसंख्या के आंकड़े जारी किए तो उसकी भी यहां के परंपरावादी समाज में कड़ी प्रतिक्रिया देखी गई थी। इसके अनुसार ब्रिटेन की जनसंख्या को छह करोड़ बत्तीस लाख बताया गया था जिसमें ब्रिटेन के स्थानीय निवासियों का अनुपात 2001 की जनगणना के सत्तासी फीसद के मुकाबले घट कर अस्सी फीसद बताया गया था। आंकड़ों के अनुसार ब्रिटेन के मुख्य प्रांतों इंग्लैंड और वेल्स में हर आठवां व्यक्ति विदेश में जन्मा है। ब्रिटेन के जनसंख्या अनुपात में पिछले दस सालों में आए बदलाव के लिए मुख्य कारण अप्रवासियों का ब्रिटेन आना बताया गया।

इन कारणों से ब्रिटिश राजनीति में अप्रवासन की समस्या को लेकर हलचल बढ़ गई। इसका असर जनमत संग्रह में देखने को मिला। साल 2016 में ब्रिटेन में हुए जनमत संग्रह में लोगों से यह सवाल किया गया कि आप यूरोपीय संघ के सदस्य बने रहना चाहते हैं या उससे बाहर निकलना चाहते हैं। जवाब में बावन फीसद लोगों ने यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के पक्ष में मतदान किया था, जबकि उसमें बने रहने के पक्ष में मतदान करने वाले अपेक्षाकृत कम थे और अड़तालीस प्रतिशत लोगों ने यूरोपीय संघ के पक्ष में वोट दिया था। ये नतीजे अप्रत्याशित थे। इस जनादेश को कंजर्वेटिव पार्टी के लिए लोकप्रिय माना गया और इसे कानूनी जामा पहनाने के लिए थेरेसा मे के बाद प्रधानमंत्री बने बोरिस जॉनसन भी कृत संकल्पित नजर आते हैं। थेरेसा मे की सरकार ने शरणार्थियों की बढ़ती संख्या में कटौती के लिए गैर-यूरोपीय संघ के लोगों के लिए वीजा नीति में बदलाव कर दिया था और इसे ब्रिटिश समाज में राष्ट्रवाद के उभार के तौर पर देखा गया था। बोरिस जॉनसन लगातार ब्रिटेन के यूरोपीय यूनियन से अलग होने के समर्थक बने हुए हैं। उन्हें दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर झुकाव के लिए जाना जाता है।

लोकतंत्र को लेकर सबसे ज्यादा उदारता दिखाने वाले ब्रिटिश समाज का इस समय राष्ट्रवाद के रूप में उभरने वाला परंपरावादी रुख वैश्विक प्रभाव डाल सकता है। याद रहे कि अतिवादी राष्ट्रवादी विचारधारा के कारण ही द्वितीय युद्ध हुआ था और यह समूची यूरोपीय अर्थव्यवस्था के विनाश का कारण बना था। लेकिन पचास के दशक में जर्मनी, इटली, फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड और लक्जमबर्ग जैसे देश लामबंद हुए और 1957 में यूरोपीय आर्थिक समुदाय अस्तित्व में आया। साल 1985 में शेंजन की संधि हुई जिसके द्वारा यूरोपीय नागरिकों के मुक्त आवागमन का प्रावधान किया गया। यूरोपीय संघ अट्ठाईस देशों की एक आर्थिक और राजनीतिक सहभागिता वाली व्यवस्था है। ये देश एक संधि के द्वारा संघ के रूप में जुड़े हुए हैं, ताकि व्यापार आसानी से हो सके।

ब्रिटेन के यूरोपीय यूनियन से बाहर आने के संकट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। स्वयं ब्रिटेन की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी यह बड़ी चुनौती बन सकता है। ब्रिटेन के यूरोपीय यूनियन से अलग होने से अन्य देश भी अलगाव के रास्ते पर जा सकते हैं। स्कॉटलैंड और आयरलैंड के लोग इस संधि में बने रहना चाहते हैं, अतः ब्रिटेन के अलग होने से अलगाववाद पुनः यहां सिर उठा सकता है। इन दोनों प्रांतों के निवासियों ने पहले ही यूरोपीय यूनियन में बने रहने के पक्ष में मतदान किया था। वैसे यूरोपीय यूनियन के देश आर्थिक समझौते के साथ सांस्कृतिक एकता भी चाहते रहे हैं। यह इलाका ईसाई बाहुल्य के लिए जाना जाता है लेकिन तुर्की के प्रभाव से मुसलिम अप्रवासन बढ़ने को बड़ा संकट माना गया। इसके साथ ही अरब से अफ्रीका के गृह युद्ध से पनपे संकट में शरणार्थियों के लिए जर्मनी ने उदारता से अपने द्वार खोले। जर्मनी भी यूरोपीय यूनियन का सबसे बड़ा और प्रभावी देश माना जाता है अतः इसका प्रभाव अन्य देशों पर पड़ा और ब्रिटेन के समाज को अप्रवासन उनके देश के लिए सांस्कृतिक संकट महसूस हुआ। यही नहीं, मुक्त आवाजाही के कारण यूरोप के अन्य देशों के नागरिक ब्रिटेन में आकर रोजगार तलाशने लगे और स्थानीय लोगों में प्रवासियों के प्रति असंतोष उत्पन्न हुआ। यूरोपीय संघ के दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश ब्रिटेन को इसके प्रशासनिक संचालन में भी बड़ी आर्थिक भूमिका निभानी होती है जिससे इस देश के लोगों को लगता है कि उन पर ब्रिटिश सरकार का नहीं, बल्कि यूरोपीय संघ का नियंत्रण हो गया है। यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार के साथ मुक्त आवाजाही, पर्यावरण, खाद्य सामग्री और अन्य नियमों के पालन को भी यहां का समाज अपनी स्वतंत्रता के विरुद्ध मानने लगा है।

यूरोपीय संघ के विकास को लोकतंत्र का विकास माना गया क्योंकि इसका सदस्य वही देश बन सकता है जो लोकतांत्रिक हो और जिसका मानवाधिकारों का भी बेहतर रिकार्ड हो। दुनिया में गरीबी, आतंकवाद और गृहयुद्ध से जूझते लोगों को लेकर यूरोप का समाज जिस तरह दो भागों में बंट रहा है, उससे भी लोकतंत्र और मानवाधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर संकट गहरा गया है। ब्रिटेन तो दुनिया के बहुलतावादी समाज का प्रतीक रहा है और वहां के उदारवादी समाज का कड़ा रुख बहु-सांस्कृतिक ढांचे पर ही कड़ा प्रहार है। बहरहाल, ब्रेक्जिट से बाहर होने की ब्रिटिश सरकार की राष्ट्रवादी भावनाओं के उभार की कोशिशों के बीच दुनिया में बहु-संस्कृतिवाद के अस्तित्व को लेकर आशंकाएं गहराने लगी हैं। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था और समूची मानव जाति के लिए खतरनाक संकेत है।

एकरसता से इतर

विलास जोशी

दुनिया मेरे आगे

हमारा जीवन एक खिले हुए फूल की तरह है, जो कुछ समय के बाद अपने आप कुम्हला जाता है। इसी प्रकार हम रोजाना एक सरीखे काम करके ऊब जाते हैं। अगर हम अपने जीवन के केवल एक वर्ष का हिसाब रखें तो आश्चर्यचकित रह जाएंगे कि वास्तव में हमारी जिंदगी के नित्यक्रम किसी कोल्हू के बैल के नित्यक्रम से जुदा नहीं हैं। अगर वास्तव में हम एक अच्छा जीवन बिताना चाहते हैं तो उसमें हमारी सकारात्मक भावनाओं और अच्छे शौक का होना बहुत जरूरी है। जब सकारात्मक विचार और अच्छी पसंद और शौक का सम्मिश्रण होता है, तभी हमें जीवन का सही आनंद मिलता है। सही है कि हर दिन नया काम, नए शौक को पूरा करने की सुविधा सबको नहीं मिलती है, लेकिन जो सुख के क्षण हमारे हिस्से में आए हैं, उन्हें सही तरीकों से उपयोग कर हम अपना जीवन सुखद बना सकते हैं।

एक बात यकीनी तौर पर कही जा सकती है कि अगर हमारे पास अच्छी आदतें हैं, अच्छे मित्र हैं तो एक सुखद जिंदगी बिताने की चुनौती को स्वीकार किया जा सकता है। अब यह सवाल स्वाभाविक ही है कि हम हर एक दिन को एक नए दिन की तरह जी सकने और अपने जीवन की ऊब को मिटा पाने के लिए क्या करें! कुछ समय पहले मैंने एक लघुकथा पढ़ी थी। एक उद्योगपति अपने रोजमर्रा के रुटीन में व्यस्त रहता है। फिर रोजाना होने वाली मीटिंग, फोन, ई-मेल, वही काम, भोजन और फिर घर वापसी। इस रुटीन से उसके जीवन में एक नीरसता आ जाती है। एक दिन सुबह वह चुपचाप उठता है और अपनी पत्नी को बिना कुछ बताए घर से निकल जाता है। रास्ते चलते वह एक जगह कुछ लोगों को 'तीन पत्ती' का खेल खेलते देखता है, तो वहां रुक कर वह उस खेल को खेलता है और उस खेल में जीते हुए रुपए राह में मिलने वाले विकलांगों में बांट देता है। जब दोपहर में उसे भूख लगती है, तो वह एक साधारण से छोटे होटल में जाकर पाव-भाजी खाता है।

तभी उसकी नजर रास्ते से जा रही श्रमिकों की यूनियन की भीड़ पर पड़ती है। वह तेजी से भागते हुए उस यूनियन के जुलूस में शामिल होकर नारेबाजी करता है। जब वहां पुलिस आकर भीड़ को खदेड़ने लगती है तो वह भाग कर पास के एक सभागृह में घुस जाता है। वहां वह रफी साहब के गाए भावपूर्ण गीतों को स्थानीय कलाकारों से सुन कर मंत्रमुग्ध हो जाता है। फिर वह वहां से निकल कर चाय पीने एक टपरी पर रुकता है, तो वहां उसे अपने स्कूल के दिनों का एक दोस्त मिल जाता है। उसकी कहानी सुन कर वह बहुत दुखी होता है और वह अपना रुपयों से भरा पर्स उसके हाथ में देते हुए उससे विदा लेता है। फिर राह चलते हुए सोचता है कि आज मैंने केवल एक दिन अपने जीवन का रुटीन बदला तो मुझे कितने ही लोगों की जिंदगी के सुख-दुखों के इतने अलग-अलग दृश्य देखने को मिले। अब कुछ भी हो जाए, मैं हर माह कम से कम एक दिन अपना सारा रुटीन छोड़ कर इसी प्रकार एक अलहदा दिन बिताया करूंगा।

इसे पढ़ कर मैं इतना समझ पाया कि हमें भी अपने जीवन में सरसता लाने के लिए कुछ हट कर अवश्य करना चाहिए। एक दिन मैं सुबह जल्दी उठा, एक नए उत्साह के साथ छत पर गया और आकाश की तरफ देखा। उड़ते पंछियों को देख कर लगा कि काश, मेरे भी पंख होते। फिर मेरी नजर आकाश में उमड़ रहे बादलों पर पड़ी। उनमें मुझे नई-नई आकृतियां देखने को मिलीं। लगा कि एक बात तो तय है कि सुबह उठ कर यह सब देखना तभी संभव है, जब हम रात को जल्दी सो सकें। एक दिन सुबह जल्दी उठ कर मैं अपने मित्र के साथ सुबह की सैर के लिए गया, तब बगीचे में देखा कि कई स्त्री-पुरुष योगासन कर रहे है। मैंने भी प्रण किया कि अब रोजाना सुबह जल्दी उठ कर मैं भी यह सब करूंगा।

जीवन को सुखद और आनंदमय बनाने के लिए एक बात और मुझे दिखी- मिलनसारिता। हम अपने रोजाना के नियमित क्रम में इतने व्यस्त रहते हैं कि अपनों तक की पूछ-परख नहीं कर पाते हैं। अगर हम महीने में कुछ दिन अपने रिश्तेदारों, पुराने मित्रों और अपने बाल मित्रों के लिए भी निकालें, उनसे पुराने दिनों की यादें ताजा करें, किसी नाराज रिश्तेदार को मनाएं तो हमारा जीवन और भी अधिक सुखमय और आनंदमय हो सकता है।

सच यह है कि हमारी वर्तमान जिंदगी स्मार्टफोन, इंटरनेट, लैपटॉप और सोशल मीडिया के कारण अकारण ही व्यस्त-सी हो गई है। इन सबके लिए भी थोड़ा समय अवश्य निकाला जाना चाहिए, लेकिन इसकी एक सीमा हो। अब समय आ गया है कि रोजाना इन सबसे थोड़ी दूरी बना कर अपना थोड़ा समय अपने जीवन को सुखद और आनंदमय बनाने के लिए निकाला जाए। कुछ नया किया जाए जो थोड़ा अलहदा हो। जीवन का हर एक दिन नया हो तो उसे हम एक अलहदा जीवन कह सकते हैं।

मंथन का समय

देश आजादी की तिहत्तरवीं वर्षगांठ मना रहा है। आजादी का यह जश्न इस बार सही मायने में जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक मनाया जाएगा क्योंकि सरकार ने इस बार धारा 370 को हटा कर जम्मू-कश्मीर को हमारे और करीब ला दिया है। पिछले सात दशकों में दुनिया में भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है। आज भारत चंद्रयान-2 की मदद से चांद पर भी दुनिया के साथ कदम ताल करने को तैयार खड़ा है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला भारत दुनिया का पहला देश बनने वाला है।

आजादी का दिन हमारे लिए अपनी गौरवगाथा बताने का वक्त तो है ही, अपनी कमियों पर भी मंथन करने का समय है। यह एक ऐसा दिन है जब देश भर के स्कूली बच्चे स्टेडियम में जाकर देशभक्ति गीतों पर नाच-गाकर आजादी का जश्न मना रहे होते हैं, तो उसी स्टेडियम के बाहर बहुत से बच्चे तिरंगा और गुब्बारे बेचते दिख जाते हैं। उनके लिए आजादी का जश्न इस बात पर निर्भर करता है कि उनकी उस दिन कितनी बिक्री हुई। आजादी के सात दशक बाद भी उन बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए पढ़ाई से ज्यादा महत्त्वपूर्ण पैसा कमाना है। दूसरा मामला हाल ही में भोजन पहुंचाने वाली एक नामी कंपनी का देखने को मिला जिसके कर्मचारी से एक शख्स ने खाना लेने से महज इसलिए मना कर दिया कि खाना देने वाला युवक विशेष धर्म से तालुक रखता था। यहां के लोग दिवाली और ईद पर एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते हैं। ऐसे में आजादी की दुहाई देकर किसी के हाथ से भोजन न लेना कैसे स्वीकार किया जा सकता है! क्या यह अन्न का अपमान नहीं है?

आज जब हर साल गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर महिलाओं को हम एक से बढ़कर एक करतब करते देखते हैं तो हमारा दिल गर्व से भर उठता है। महिलाओं को पुरुषों के साथ यों कंधे से कंधा मिला कर चलते देख लगता है कि देश अब नए युग की ओर कदम बढ़ा चुका है। पर जब हम उन्नाव की बलात्कार पीड़िता को देखते हैं तो सिर शर्म से झुक जाता है। महज अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करके अगर किसी को अपना पूरा परिवार खोना पड़ जाए तो भला इसे कैसी आजादी कहा जाए!

आखिर हम यह कैसा समाज बनाते जा रहे हैं जिसमें कोई कसूरवार होकर भी सम्मान का हकदार है और कोई बेकसूर होकर भी समाज से मुंह छिपा कर जीने को मजबूर है? सत्रहवीं लोकसभा के चुनाव में तिरालीस फीसद दागी प्रत्याशी चुने गए हैं। इसकी बड़ी वजह लोगों का अब भी धर्म और जाति देख कर अपना नेता चुनना है। आजादी के जश्न के साथ हमें इस कड़वी हकीकत को भी स्वीकार करना पड़ेगा कि अब भी सुधार की गुंजाइश है। अगर हम सब मिल कर इन छोटी-छोटी कमियों को दूर कर लें तो आजादी के जश्न का रंग और अधिक गहरा हो सकता है।

● *रोहित यादव, महर्षि दयानंद विवि, रोहतक*

एक बार फिर

सोनिया गांधी एक बार फिर कांग्रेस की डूबती नैया पार कराने के लिए मैदान में हैं। वैसे सोनियाजी के लगातार उन्नीस साल पार्टी अध्यक्ष रहने के बाद 2017 में राहुल गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया था, पर उनके अकुशल नेतृत्व, रॉफेल पर फ्लॉप शोर और लोकसभा चुनाव में करारी हार से निराश होकर महज डेढ़ साल में ही उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। परिवारवाद के आरोपों के बीच लोकतंत्र की लाज रखते हुए किसी युवा नेता को यह कमान दी जानी चाहिए थी, पर लगता है परिवार का ठप्पा अभी कुछ वर्ष और चलने वाला है। अन्य 'सरनेम' वालों को अभी कुछ साल और इंतजार करना होगा। जो भी हो, एक कमजोर विपक्ष के कारण जनता का ही नुकसान हो रहा है। कुछ गैर जरूरी मुद्दों पर विपक्ष ने सदन में हल्ला मचा कर पहले ही अपनी किरकिरी करवा ली है, अब देखते हैं आगे क्या होता है!

● *मंगलेश सोनी, मनावर, जिला धार*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

कुछ सुधार और

मौजूदा चिकित्सा प्रणाली में व्याप्त डॉक्टरों का प्रभुत्व, तंत्र में अपारदर्शिता, सेवाओं की जटिलता, महंगा इलाज आदि समस्याओं से मरीजों का अहित हो रहा था। ऐसी स्थिति में नए चिकित्सा कानून द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, सामान्य चिकित्सा क्षेत्र की समझ रखने वालों और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आर्थिक विश्लेषकों को भी अवसर मिलेगा। नए कॉलेजों की स्थापना के लिए बार-बार निरीक्षण से पैदा हुए इंस्पेक्टर राज को भी नए अधिनियम द्वारा समाप्त किया गया है।

स्वास्थ्य संबंधी मानव संसाधन और बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं का आकलन तथा राज्य चिकित्सा आयोग द्वारा विधेयक के विभिन्न प्रावधानों को लागू करना नए चिकित्सा कानून के दायित्वों में प्रमुख हैं। इनमें से एक है सभी लाइसेंस प्राप्त चिकित्सकों के लिए राष्ट्रीय रजिस्टर बनाना, जिससे पेशेवर डॉक्टरों के आचरण का विनियमन किया जा सके और उनके पेशेवर अथवा कदाचार के खिलाफ शिकायत की जा सके। इस प्रकार मरीजों के हितों की सुरक्षा और चिकित्सीय सेवाओं के वाणिज्यीकरण के नकारात्मक प्रभाव को भी रोका जा सकेगा।

नए अधिनियम के अंतर्गत आधुनिक चिकित्सा पेशे से जुड़े कुछ मध्यम स्तर के चिकित्सकों को सीमित लाइसेंस दिया जा सकता है। इससे मध्यम स्तर के चिकित्सक कुछ मामलों में प्राथमिक और निवारक स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित सेवाएं दे सकते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम -2019, चिकित्सा शिक्षा और तंत्र को सुधारने पर ध्यान देगा लेकिन सरकार को इससे भी कुछ और बड़े मुद्दों जैसे प्रतिजैविक प्रतिरोधकता और सरकारी खर्च में कमी आदि पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

● *सुशील कुमार, मदनेपुर, जालौन*

संभलने की जरूरत

मनुष्य तो अपनी आजादी की लड़ाई लड़ सकता है, लेकिन मूक प्राणी, जीव-जंतु, पौधे, वृक्ष, नदियां आदि नहीं। प्रकृति और मनुष्य हमेशा से एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। मनुष्य ने सदियों से अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण का दोहन ही किया है और इसके संतुलन को बिगाड़ दिया है। परिणामस्वरूप आज वैश्विक तापमान वृद्धि, वर्षा में अनियमितता, बिगड़ती पारिस्थितिकी, जैव विविधता का ह्रास और असंतुलित ऋतुचक्र आदि देखने को मिल रहे हैं। अभी भी समय है संभलने का। पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए हम वृक्ष लगाएं और उनकी रक्षा के लिए रक्षाबंधन को वृक्षाबंधन के रूप में मनाएं।

● *अभिप्रिंस घुवारा, टीकमगढ़, मध्यप्रदेश*

जनसत्ता
युवा शक्ति
15 अगस्त, 2019 7

जंगलों की देखरेख में वन अधिकारियों की अहम भूमिका

ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, वैश्विक जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी और प्राकृतिक आपदाओं जैसे मुद्दे सभी वनों से प्रभावित और नियंत्रित होते हैं। बढ़ती पर्यावरण चुनौतियों और कार्बन फुटप्रिंट में कमी के मद्देनजर वन प्रबंधन को आगामी करिअर के सुनहरे विकल्प के रूप में देखा जा सकता है। वनों को पारिस्थितिकी तंत्र का बेहद अहम हिस्सा माना जाता है। इसलिए इनकी देख-रेख करने वाले पेशेवर फॉरेस्टर (वन अधिकारी) की भूमिका काफी अहम हो जाती है। वानिकी विज्ञान में वन प्रबंधन के साथ-साथ वनों के संरक्षण पर अधिक जोर दिया जाता है।

सूचनापट्ट

दाखिले

आइपीयू, दिल्ली
गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आइपी) विश्वविद्यालय ने मास्टर्स ऑफ वोकेशन (एमवोक) में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होगी बल्कि दाखिले योग्यता परीक्षा के आधार पर दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय के मुताबिक आइपी विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न संस्थानों में एमवोक की 75 सीटें हैं। एमवोक विश्वविद्यालय में पहली बार शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में तीन विषयों में एमवोक पढ़ाया जाता है। जिनमें ऑटोमोबाइल, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और इंटीरियर डिजाइन (छात्राओं के लिए) शामिल हैं।
अंतिम तिथि : 20 अगस्त, 2019

इग्नू, दिल्ली
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई सत्र के लिए 150 से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। इनमें सर्टिफिकेट से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर और स्नातकोत्तर डिप्लोमा शामिल हैं। अधिकतर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है लेकिन कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सिर्फ ऑफलाइन ही आवेदन किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के मुताबिक सभी पाठ्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर मौजूद है।
अंतिम तिथि : 27 अगस्त, 2019

बीएसडीयू, राजस्थान
भारतीय स्किल डेवलपमेंट विश्वविद्यालय (बीएसडीयू), जयपुर ने बैचलर ऑफ वोकेशन (बीवोक) में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर (डॉक्टर) एसएस पाब्ला के मुताबिक बीएसडीयू में विद्युत कौशल, मोटर वाहन कौशल, बढ़ई कौशल, निर्माण कौशल, उद्यमिता कौशल, विनिर्माण कौशल, कार्यालय प्रशासन कौशल, धातु निर्माण कौशल, आइटी-नेटवर्किंग कौशल, मशीनलर्निंग एआइ कौशल, आतिथ्य एवं पर्यटन कौशल आदि पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। बीवोक में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को पीसीएम के साथ बारहवीं पास या दसवीं के बाद दो साल की आइटीआइ प्रमाणपत्र होना चाहिए। विश्वविद्यालय मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी देता है।
अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2019

एसओएल, दिल्ली
दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में स्नातक पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यहां पढ़ाने जाने वाले पांच पाठ्यक्रमों बीए प्रोग्राम, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीए ऑनर्स राजनीतिक शास्त्र और बीए ऑनर्स अंग्रेजी में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदकों को शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद एसओएल का पहचानपत्र ऑनलाइन ही प्रिंट किया जा सकेगा। विद्यार्थियों को विलंब शुल्क के रूप में 200 रुपए अतिरिक्त देने होंगे।
अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2019

जामिया दूरस्थ, दिल्ली
जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दूरस्थ और मुक्त शिक्षा केंद्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले शुरू हो गए हैं। इस केंद्र में बीए, बीबीए, बीकॉम, बीकॉम (अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं वित्त), बीएड, एमकॉम, एमए, एमए हिंदी, एमए अंग्रेजी, एमए शिक्षा, एमए इतिहास, एमए मानव संसाधन प्रबंधन, एमए लोक प्रशासन, एमए राजनीतिक विज्ञान, एमए समाजशास्त्र और एमबीए पाठ्यक्रमों में दाखिले हो रहे हैं। इसके अलावा कुछ डिप्लोमा और सर्टिफिकेट में भी प्रवेश लिया जा सकता है।
अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2019

प्रवेश परीक्षा

कैट-2019
भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आइआइएम) के स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा और शोध पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 24 नवंबर 2019 को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कैट-2019) का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। कैट के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 7 अगस्त से शुरू होंगे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क के रूप में 950 रुपए और अन्य सभी उम्मीदवारों को 1900 रुपए का भुगतान करना होगा।
अंतिम तिथि : 18 सितंबर, 2019

पढ़ाई, राजनीति और पहचान

मीना

दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र राजनीति की अपनी भूमिका रही है। छात्र राजनीति विद्यार्थियों को मजबूत बनाती है और आगे के लिए रास्ता भी तैयार करती है। इस बार बातचीत उन युवाओं से जिनकी पहचान पढ़ाई के साथ छात्र नेता की बनी है।

राजनीति का ककहरा

आपके काम से ही मिलती है आपको पहचान : महामेधा नागर

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ में 2017-18 तक सचिव रहीं महामेधा नागर कहती हैं कि विश्वविद्यालय परिसर का माहौल हमें हर तरह की चुनौतियों से लड़ने को तैयार करता है। डीयू में महिला प्रतिनिधित्व की बात तो होती थी पर उनका प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा था। जब मैं डूसू की सचिव रही तब महिला मुद्दों को लेकर बहुत काम किया। सेनेटरी नैपकिन को कर-मुक्त कराने के लिए पहला मैराथन आयोजित किया और 56 कॉलेजों में सैनेटरी नैपकिन की मशीनें लगवाईं। छात्रावास की समस्या को लेकर चार दिन की भूख हड़ताल की। हमारी मांग थी कि जितना समय लड़कों को छात्रावास से बाहर रहने दिया जाता है उतना ही लड़कियों को भी दिया जाए।

एबीवीपी में 2014 से काम कर रही हूं और तब से लेकर अब तक मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। 2015 में मुझे निर्भया के माता-पिता के साथ काम करने का मौका मिला। 2016 में एमटीवी के शो रोडीज में जाने का मौका मिला। फिर डूसू का चुनाव लड़ा। उसमें एक साल काम किया। मुझे 2018 में महिला स्वास्थ्य को लेकर वर्ल्ड यूथ प्राइज से नवाजा गया। मुझे लगता है कि सफर कठिन रहता है लेकिन उसे समाज सम्मानित भी करता है। हम अपने काम से ही अपनी बराबरी की बात कर सकते हैं। मैं कानून की छात्रा हूं और एबीवीपी में पोस्ट होल्डर हूं तो राज्य स्तर पर काम करती हूं।

लगा कि हम नहीं आए तो कुछ नहीं बदलेगा : कवलप्रीत कौर

दिल्ली विश्वविद्यालय में वर्तमान में आइसा दिल्ली की अध्यक्ष कवलप्रीत कौर का कहना है कि एक महिला नेता होने की वजह से बहुत सी दिक्कतें भी होती हैं। हमें कई बार शारीरिक हिंसा भी झेलनी पड़ती है। आपका पहनावा, आपका चरित्र बहुत मायने रखता है। महिलाओं को डराने का ये एक और तरीका है। इस तरह की सोच हम लोग परिसर में भी देखते हैं। उन्नाव मामले में भाजपा नेताओं का जो रुख दिखा वैसा ही रुख महिलाओ को लेकर छात्र शाखा में भी है। हमारा समाज ही पितृसत्तात्मक है। उसमें महिलाओं का आना ही बहुत बड़ी बात है लेकिन हम लोग आ रहे हैं क्योंकि अगर नहीं आए तो कुछ बदलेगा नहीं। वर्तमान में हमने सभी तरह के मुद्दों पर काम किया है और आवाज उठाई है। चाहे वो यातायात व्यवस्था का हो, छात्रावास या फीस की समस्या हो। विद्यार्थियों को मेट्रो का किराया महंगा पड़ता है इसके लिए काम किया लेकिन सफलता नहीं मिली। जो बस पास एसी बसों में नहीं चलता था, इसको लेकर हमने विरोध प्रदर्शन किया और सफल हुए। अब एसी बसों में भी बस पास चलता है। अभी आइसा पर्यावरण पर काम कर रहा है। पर्यावरण को लेकर हम एक सर्वे करा रहे हैं जिसे जाकर हम सरकार को देंगे।

हम लोग नीतिगत तौर पर और छात्र के रूप में भी काम रहे हैं। लिंचिंग, भेदभाव और दलित मुद्दों पर भी जंग जारी है। राजनीतिक सक्रियता विद्यार्थियों को मजबूत बनाती है।

जेएनयू ही नहीं पूरे भारत के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहती हूं : निधि त्रिपाठी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की राष्ट्रीय सचिव और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की छात्रा निधि त्रिपाठी का कहना है कि बतौर राष्ट्रीय सचिव यह मेरा दूसरा कार्यकाल है। मैंने अपने कार्यकाल के दौरान यौन उत्पीड़न मामलों पर ध्यान दिया। उसके लिए पुलिस तक में मामले दर्ज कराए। जेएनयू में आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) काम कर रहा है। उसके काम में पारदर्शिता बनी रहे उसके लिए भी हमने काम किया। हमने जेएनयू में ई-रिक्शा और ई-साइकिल चलवाए। इंजीनियरिंग के कोर्स शुरू हों उसके लिए भी काम किया। छात्रावास को लेकर हमारा संघर्ष अभी भी चल रहा है। मैं जेएनयू के अलावा पूरे भारत के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहती हूं। अभी हाल में एबीवीपी ने मिशन साहसी अभियान शुरू किया। जिसमें हमने पूरे भारत में 8 लाख लड़कियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। उसमें हमारा लक्ष्य था 'मेकिंग ऑफ द फियरलेस'। इसी के तहत हमने दिल्ली में भी सात हजार लड़कियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। मैं संस्कृत में पीएचडी कर रही हूं। मेरी संस्था गुणवत्ता को देखती है और उसे बढ़ाती है। संस्था हमें आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ करती है।

जेंडर से लेकर बहुत से मुद्दों पर संघर्ष जारी है : अमूथा जयदीप

जेएनयू में 2018 में सह-सचिव रहीं अमूथा जयदीप का कहना है कि जब हम लोग जेएनयू में आए थे, तब यहां जेंडर सेन्सटाइजेशन की जो संस्था थी वो जीएसकैश थी। अब उसे हटा कर आइसीसी बनाया गया है। अब आइसीसी में जो भी शिकायत कर रहा है उन्हें शिकायत वापस लेने के लिए मजबूर किया जाता है। किसी महिला की सुनने की बजाए उसे कहा जाता है कि आप विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा खराब कर रही हैं। अपने कार्यकाल और बाद में भी हमने बहुत सारे मुद्दों पर आवाज उठाई। आज भी ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जिनका लंबा संघर्ष है। अभी एमबीए का नया कोर्स जेएनयू में शुरू हुआ है लेकिन उसकी कोई संरचना नहीं है। शिक्षक, लाइब्रेरी, कोर्स कुछ भी तय नहीं है। जेएनयू लोगों के पैसों से चलने वाला विश्वविद्यालय है, जहां विद्यार्थियों के साथ भेदभाव नहीं हो सकता। उन छात्रों को भी बराबर की सुविधाएं मिलनी चाहिए। हमने इस मुद्दे को लेकर भी आवाज उठाई थी। हमने इन्हीं समस्या को लेकर इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए भी आवाज उठाई थी। हम लोगों का बोलना है कि जैसे हम सब्सिडी पा रहे हैं वैसे ही उन्हें भी मिलनी चाहिए और जब पूरी संरचना बन जा तब किसी पाठ्यक्रम को शुरू करना चाहिए।

प्रतिकूल समय में इन बातों को रखें याद

परामर्श

मनुष्य के जीवन में उतार-चढ़ाव आते ही रहते हैं। प्रतिकूल समय में लगता है कि जैसे हर व्यक्ति आपके खिलाफ है और आपका किया गया प्रत्येक कार्य गलत ही हो रहा है। इससे आप दुखी हो जाते हैं लेकिन आज के प्रतियोगी समय में सकारात्मक सोच बनाए रखना सबसे महत्त्वपूर्ण काम है। इससे न केवल आप जल्द से जल्द नकारात्मकता से बाहर आएंगे बल्कि प्रतिकूल समय पर भी विजय प्राप्त कर पाएंगे। ऐसा करने के लिए कुछ बातों का याद रखना आवश्यक है।

खराब समय भी खत्म होता है : जैसे अच्छा समय हमेशा नहीं रहता है, ठीक वैसे ही खराब या प्रतिकूल समय भी हमेशा नहीं रह सकता है। उसका अंत भी तय है। हालांकि जब प्रतिकूल समय चल रहा होता है तो लगता है कि यह समय कभी खत्म ही नहीं होगा। हमारा दिमाग नकारात्मक चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर ही दिखाता है। इसलिए हमें प्रतिकूल समय अधिक लगता है लेकिन हमें अपने दिमाग को यह समझा देना चाहिए कि प्रतिकूल समय भी आखिरकार खत्म हो जाएगा।

पहले भी चुनौतियों को मात दी है : जीवन में चुनौतियां लगातार आती-जाती रहती हैं। जब भी कोई नई चुनौती सामने आए तो हमेशा उस जैसी पुरानी चुनौती के बारे में सोचना चाहिए और उससे पार पाने के तरीके के बारे में विचार करना चाहिए। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप वर्तमान चुनौती का सफलतापूर्वक सामना कर पाएंगे।

आपके अंदर काफी ताकत है : जीवन में स्थितियां जब हमारे प्रतिकूल होती हैं तो हम अपनी ताकत को देखना भूल जाते हैं और पूरा ध्यान अपनी कमजोरियों पर ही रखते हैं। इसी वजह से हम खुद को हारा हुआ भी महसूस करते हैं और खुद को प्रतिकूल स्थिति में फंसे हुए पाते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने अंदर की ताकत को पहचानें और खुद को बताएं कि एक मनुष्य होने के नाते आप ऐसी स्थितियों से निकलने में पूरी तरह से सक्षम हैं।

ऐसा बहुतों के साथ होता है : हम हमारे साथ कुछ बुरा होता है तो हम हमेशा यही पूछते हैं कि ऐसा मेरे साथ ही क्यों हो रहा है। लेकिन यहां भी हम गलत होते हैं। जिन परिस्थितियों का सामना हम कर रहे हैं, वैसी ही परिस्थितियों का सामना और लोग भी कर चुके होते हैं। हमें अपने दिमाग को बताना होगा कि ऐसा नहीं है कि दुनिया में सिर्फ आपके साथ ही बुरा हो रहा है। ऐसा बहुतों के साथ होता है। इससे आपको प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने में मदद मिलेगी।

यह सीखने का मौका है : हर परिस्थिति मनुष्य को सीखने का मौका देती है। वहीं, प्रतिकूल स्थिति अधिक सीखने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए जब भी आपका सामना प्रतिकूल परिस्थिति से हो तो उसे सीखने का मौका समझें। इससे उस परिस्थिति से पार पाने में आसानी होगी।

दूसरों से मदद मांगें: किसी भी परिस्थिति में अपने परिवार या मित्रों से मदद मांगने में न हिचकिचाएं। आपकी सहायता के लिए बहुत सारे लोग तैयार हैं। यहां तक कि जो लोग सामाजिक तौर पर अधिक सक्रिय नहीं होते हैं, उनकी भी मदद के लिए लोग आगे आते हैं। इसलिए जब भी आपको लगे कि किसी की मदद ले लेनी चाहिए तो तुरंत ऐसा करें।

युवा शक्ति डेस्क

वन प्रबंधन में हरा-भरा करिअर

सुशील राघव

भारत की समृद्ध और प्रचुर वन संपदा हमारी अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। भारत के लगभग एक-चौथाई भाग में घने वन हैं जो दुनिया के लगभग सभी प्रकार के वनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। देश की आबादी का एक बड़ा भाग अपनी आजीविका के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से वनों पर निर्भर हैं। ईंधन और फलों के अलावा फर्नीचर के लिए लकड़ी, पशुओं के लिए चारा, कई उद्योगों के लिए कच्चा माल और कई तरह की दवाओं के लिए जड़ी बूटियां आदि वनों से ही प्राप्त होती हैं। यही वजह है कि भारत में वन प्रबंधन के पेशेवरों की अच्छी खासी मांग है। भारतीय वन सेवा के अलावा अन्य क्षेत्रों में वनों से जुड़े विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है जिनमें कागज उद्योग, नर्सरी उद्योग, ऐसी कंपनियां जो वनों में उपयोग होने वाले उत्पाद तैयार करती हैं, बंजर भूमि विकास, पर्यावरण आदि शामिल हैं।

योग्यता

वानिकी के पेशे में आने की इच्छा रखने वालों के लिए बारहवीं और स्नातक के बाद कई प्रकार के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए बाहरवीं विज्ञान विषयों से पास होनी चाहिए। इसी तरह स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए बीएससी होना अनिवार्य है। कुछ संस्थान कैट परीक्षा के आधार पर एबीए में दाखिला देते हैं।

पाठ्यक्रम

- बीएससी वानिकी
- एमएससी वानिकी
- बीएससी वन्यजीव शिक्षा
- एमएससी वन्यजीव शिक्षा
- मास्टर इन वुड साइंस एंड टिंबर मैनेजमेंट
- एबीए वन प्रबंधन
- पीजी डिप्लोमा वन प्रबंधन
- पीजी डिप्लोमा स्थिरता प्रबंधन

जरूरी दक्षता

- प्राकृतिक वातावरण में रुचि
- कृषि और भूगोल में रुचि
- धैर्य और वैज्ञानिक स्वभाव
- साहसिक और अच्छा स्वास्थ
- सहनशक्ति और शारीरिक फिटनेस
- आयोजन क्षमता ● जन संपर्क कौशल
- निर्णय लेने की क्षमता
- लंबे समय तक कार्य करने में सक्षम

अवसर

अवसरों की भरमार

वन अधिकारी : इनका कार्य वनों की सुरक्षा के साथ-साथ नए वन क्षेत्र निर्मित करना होता है। ये वन्य जीवों के संरक्षण के अलावा वन्य क्षेत्र को अग्नि और चोरों से बचाकर लैंडस्केप मैनेजमेंट करते हैं।

वृक्षविज्ञानी : ये वृक्षों और पौधों के वैज्ञानिक अध्ययन के विशेषज्ञ होते हैं। इनके कार्यों में इतिहास, जीवनकाल पर अनुसंधान, वृक्षों का माप व वर्गीकरण और वनों के विनाश को रोकने के उपायों का अध्ययन शामिल होता है।

इथोलॉजिस्ट : इथोलॉजिस्ट द्वारा किसी जीव के प्राकृतिक पर्यावरण में विकास, व्यवहार, जैविक कार्यकलापों का अध्ययन किया जाता है। इनके द्वारा चिड़ियाघर, मछलीघर और प्रयोगशालाओं के जानवरों के लिए परिवेश निर्मित किया जाता है। मानव शरीर विज्ञान और मनोविज्ञान संबंधी ज्ञान बढ़ाने के लिए पशु व्यवहार का अध्ययन भी इनके द्वारा किया जाता है।

कीटविज्ञानशास्त्री : ये कीटाणुओं तथा रोगाणुओं द्वारा फैलाए जाने वाले रोगों के अध्ययनकर्ता और नियंत्रण विशेषज्ञ होते हैं।

वन क्षेत्रपाल अधिकारी : ये लोक वन, बॉटेनिकल गार्डन आदि की देखभाल करते हैं। उनके सहयोग के लिए रेंजर, कंजरवेटर, लॉगर और कनिष्ठ कर्मचारी मौजूद रहते हैं। इस पद पर भारतीय वन सेवा परीक्षा द्वारा नियुक्ति होती है।

जू क्यूरेटर : चिड़ियाघर में पशु कल्याण और उनके संरक्षण की पूरी जिम्मेदारी जू क्यूरेटर की ही होती है। प्रशासनिक कार्यों में अहम भूमिका होती है।

नौकरी के विकल्प

- फोटोग्राफर ● वन्यजीव पत्रकारिता
- डिस्कवरी, बीबीसी, नेशनल जियोग्राफिक के लिए फिल्म या डॉक्यूमेंटरी बनाना
- जानवरों की तस्करी, शिकार और पशुओं के साथ यातना व क्रूरता के विरुद्ध आवाज उठाने वाला वकील
- डब्लूडब्लूएफ, सेंटर फॉर एनवायरमेंट एजुकेशन, टाटा एनर्जी रिसर्च इंस्टिट्यूट जैसे संगठनों में सलाहकार के रूप में कार्य
- किसी एनजीओ में बायोलॉजिस्ट या पशुओं का केयरटेकर

वेतन

उम्मीदवार को यदि किसी को सरकारी कंपनी में नौकरी मिलती है तो उसे सरकारी वेतन आयोग की सिफारिशों के हिसाब से वेतन मिलेगा। भारत में दो से तीन साल के अनुभव के साथ 5 से 6 लाख रुपए सालाना वेतन मिल जाता है।

प्रमुख संस्थान

- एरिड वन शोध संस्थान, राजस्थान
- बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची
- भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल
- कृषि एवं क्षेत्रीय शोध कॉलेज, धरवाड़
- जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय
- एमिटी विश्वविद्यालय
- यूपी तकनीकी विश्वविद्यालय
- पर्यावरण एवं प्रबंधन संस्थान, लखनऊ
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय
- महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय
- डॉक्टर बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
- कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर
- पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर
- वानिकी शिक्षा एवं शोध संस्थान, देहरादून

थोक मुद्रास्फीति 25 महीने के न्यूनतम स्तर पर

पेज 1 का बाकी

है। रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति पर निर्णय करते समय खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ही गौर करता है। लेकिन इसमें तेज गिरावट से अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में भी रिजर्व बैंक से नीतिगत दर घटाए जाने की संभावना को बल मिलता है।

वाणिज्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई महीने में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य वर्ग की मुद्रास्फीति जून के 6.98 फीसद से नरम होकर 6.15 फीसद पर आ गई। थोक मूल्य सूचकांक में खाद्य वस्तुओं को 15 फीसद भारांश दिया गया है। खाद्य वस्तुओं के वर्ग में आलू के भाव में गिरावट जारी रही। आलू में जून का भाव एक साल पहले की तुलना में 24.27 फीसद नीचे रहा। जुलाई में यह सालाना आधार पर 23.63 फीसद सस्ता था। सब्जियों के वर्ग में मुद्रास्फीति 24.76 फीसद से गिरकर 10.67 फीसद रह गई। हालांकि फलों में थोक मुद्रास्फीति में तेज वृद्धि देखने को मिली और यह जून के 1.87 फीसद की तुलना में जुलाई में 15.38 फीसद पर पहुंच गई। ईंधन व बिजली वर्ग में थोक भाव सालाना आधार पर और गिरे है। पिछले जून में इस वर्ग में थोक मूल्य सूचकांक सालाना आधार पर 2.20 फीसद कम था। जुलाई दरें एक साल पहले से 3.64 फीसद नीचे आ गईं। अखाद्य सामग्रियों में थोक मुद्रास्फीति 5.06 फीसद से कम होकर 4.29 फीसद पर आ गई। विनिर्मित उत्पादों में थोक मुद्रास्फीति 0.94 फीसद से गिरकर 0.34 फीसद पर आ गयी। थोक मूल्य सूचकांक में विनिर्मात उत्पादों की 64.23 फीसद हिस्सेदारी होती है।

आज वीर का अभिनंदन

पेज 1 का बाकी

ही, बालाकोट हवाई हमले के अभियान को अंजाम देने वाले वायुसेना के पायलटों को वायुसेना मेडल प्रदान किया जाएगा। इनके अलावा आतंकवादियों से लड़ाई के दौरान कश्मीर में शहीद हुए सेना के सिपाही प्रकाश जाधव और सीआरपीएफ के कमांडेंट हर्षपाल सिंह को वीरता का सर्वोच्च पुरस्कार कीर्ति चक्र प्रदान किया जाएगा। सेना के आठ कर्मियों को शौर्य चक्र दिया जाएगा, इनमें से पांच को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रपति भवन में अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति ये पुरस्कार प्रदान करते हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कीर्ति चक्र और वीर चक्र समेत सैन्य बलों के कुल 107 कर्मियों को स्वाधीनता दिवस के मौके पर विभिन्न वीरता पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। शौर्य चक्र पाने वाले हैं – सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल अजय सिंह कुशवाहा, मेजर विभूति शंकर ढोंढियाल (मरणोपरांत), कैप्टन महेश्वर कुमार भूरे, लांस नायक संदीप सिंह (मरोणपरांत), सिपाही ब्रजेश कुमार (मरणोपरांत), सिपाही हरि सिंह (मरणोपरांत), राइफलमैन अजवीर सिंह चौहान और राइफलमैन शिव कुमार (मरणोपरांत)। बालाकोट पर हमला करने वाले वायुसेना के पायलटों- विंग कमांडर अमित रंजन, स्क्वायड्रन लीडर राहुल बोसाया, पंकज भुजडे, बीकेएन रेड्डी और शशांक सिंह को वायु सेना मेडल से सम्मानित किया गया है। ये सभी मिराज 2000 लड़ाकू विमान के पायलट हैं।

दूसरी ओर, गृह मंत्रालय ने जानकारी दी है कि इस बार सबसे ज्यादा 180 सम्मान जम्मू कश्मीर में आतंक रोधी अभियान में हिस्सा लेने वाले केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों को मिले हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और राज्य पुलिस बल के जवानों और अधिकारियों के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कुल 946 पदकों की घोषणा की है। इनमें से तीन को बहादुरी के लिए राष्ट्रपति का पुलिस मेडल (पीपीएमजी), 177 को बहादुरी के लिए पुलिस मेडल (पीएमजी) सम्मान से नवाजा गया है।

जम्मू कश्मीर में आतंक रोधी ग्रिड में तैनात जवानों के लिए कुल 114 बहादुरी पदक दिए गए हैं, जबकि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में तैनात जवानों को ऐसे 62 पदक दिए गए हैं। पूर्वोत्तर के राज्यों में अभियान के लिए चार सुरक्षाकर्मियों को पदक मिले हैं। बयान में कहा गया कि नौ कर्मियों को मरणोपरांत बहादुरी मेडल दिया गया है।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को अधिकतम 72 पदक गए हैं। इसके बाद जम्मू कश्मीर पुलिस बल को 61, ओड़ीशा पुलिस को 23, छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों के लिए नौ पदक और सीमा सुरक्षा बल व भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल को दो-दो पदक मिले हैं। विशिष्ट सेवा के लिए 89 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति के पुलिस पदक दिए गए हैं जबकि 677 को सराहनीय सेवा के लिए पदक मिले हैं। कुल 56 कर्मियों को दमकल सेवा पदक और 44 अधिकारियों को होमगार्ड और सिविल डिफेंस पदक दिए गए हैं।

राहुल ने राज्यपाल मलिक से पूछा, कब आऊं कश्मीर

चिदंबरम ने कहा, राहुल को दिया गया निमंत्रण महज प्रचार का जरिया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 अगस्त।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू कश्मीर जाने की अपनी मांग दोहराते हुए सूबे के राज्यपाल सत्यपाल मलिक से जानना चाहा कि वह राज्य के दौरे पर कब आ सकते हैं। सूबे के अपने दौरे को लेकर गांधी ने कहा कि उन्होंने जम्मू कश्मीर आने और लोगों से मिलने का मलिक का निमंत्रण बिना किसी शर्त के स्वीकार कर लिया है। हालांकि उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल मलिक के जवाब को सतही करार दिया। पार्टी नेता पी चिदंबरम ने भी कहा कि राज्यपाल द्वारा राहुल को दिया गया निमंत्रण महज प्रचार पाने का एक तरीका भर था।

राहुल ने अपने एक ट्वीट में कहा –प्रिय मलिक जी, मैंने अपने ट्वीट पर आपका सतही जवाब देखा। मैं जम्मू कश्मीर आने और लोगों से मिलने के आपके निमंत्रण को बिना किसी शर्त के स्वीकार करता हूं। मैं कब आ सकता हूं? मलिक ने राज्य का दौरा करने के लिए पूर्व शर्तें लगाने को लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेता की आलोचना की और आरोप लगाया कि गांधी विपक्षी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल लाने की मांग कर अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

कश्मीर में हिंसा होने संबंधी गांधी के बयान पर मलिक ने सोमवार को कहा था कि वह राहुल गांधी के लिए एक विमान भेजेंगे ताकि वह घाटी का दौरा करें और जमीनी हकीकत जानें। राज्यपाल ने एक बयान में कहा कि गांधी ने यात्रा के लिए कई शर्तें रखी थीं जिनमें नजरबंद मुख्यधारा के नेताओं से मुलाकात भी शामिल है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने राज्य का दौरा करने के प्रस्ताव पर यू-टर्न लेने के लिए राज्यपाल पर पलटवार किया और कहा कि उन्हें अपनी बात पर कायम रहना चाहिए।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य का दौरा करने के लिए राहुल गांधी को दिया गया उनका आमंत्रण महज प्रचार का एक जरिया था और उसमें कभी, कोई गंभीरता थी ही नहीं। चिदंबरम के अनुसार, यह कहना बिल्कुल गलत है कि राज्य के दौरे के लिए राहुल गांधी ने शर्तें रखी हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि राहुल ने केवल सैनिकों सहित सभी लोगों से मिलने की छूट मांगी है।

उन्होंने ट्विटर पर कहा, 'जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल का राहुल गांधी के लिए आमंत्रण कभी भी गंभीर आमंत्रण नहीं था। यह प्रचार का महज एक जरिया था। यह कहना कि राहुल गांधी ने शर्तें रखी हैं, बिल्कुल बकवास है। राहुल गांधी ने सैनिकों सहित सभी से मिलने की छूट मांगी है।

जम्मू में पाबंदी हटी, घाटी में कुछ स्थानों पर जारी रहेगी

पेज 1 का बाकी

आकलन के आधार पर छूट दी जाएगी। कंसल के मुताबिक, हालात सुधर रहे हैं। शांति बनी हुई है। नागरिक उड़ानें, राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात, चिकित्सा सेवाएं, बिजली आपूर्ति- सब कुछ सामान्य है। उन्होंने कहा कि पाबंदियों में ढील दी जा रही है और जल्द ही ये हटा ली जाएंगी। कंसल ने पूर्व आइएएस शाह फैसल को हिरासत में लेने के सवाल पर कहा कि कोई हिरासत, गिरफ्तारी कानून व्यवस्था के स्थानीय स्तर पर किए आकलन और आवश्यकता के अनुसार होती है। उन्होंने कहा कि हम किसी व्यक्ति विशेष पर कोई टिप्पणी नहीं करते।

दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक मुनीर खान ने कहा कि जम्मू में लगाए गए प्रतिबंधों को पूरी तरह हटा लिया गया है, लेकिन कश्मीर में कुछ स्थानों पर कुछ वक्त तक पाबंदियां लागू रहेंगी। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

खान ने बताया कि श्रीनगर और घाटी में अन्य जिलों के विभिन्न हिस्सों में मामूली घटनाएं हुईं। किसी को भी कोई बड़ी चोट नहीं आई है। कुछ ही लोगों को पैलेट की वजह से कुछ जख्म हुए हैं जिनका इलाज किया गया है। खान ने कहा, 'हमारा सबसे बड़ा काम यह सुनिश्चित करना है कि कोई असैन्य नागरिक हताहत ना हो।'

उन्होंने कहा, 'राज्य भर में शांतिपूर्ण समारोह सुनिश्चित करने के लिए सभी बंदोबस्त किए गए हैं।' पाकिस्तान की ओर से चलाए जा रहे दुष्प्रचार के बारे में खान ने कहा कि जब भी राज्य में कानून व व्यवस्था की बड़ी स्थिति उत्पन्न होती है तो पड़ोसी देश ऐसा दुष्प्रचार करता है। इन कोशिशों को विफल करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। फर्जी खबरें और गलत सूचना दे रहे कुछ ट्विटर खाते के बारे में एक सवाल के जवाब में अधिकारी ने कहा कि उनकी पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

राज्यपाल मलिक फहराएंगे झंडा : जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में गुरुवार को ध्वजारोहण करेंगे। राज्य के प्रधान सचिव रोहित कंसल ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को जारी बयान में कंसल ने बताया कि जम्मू में स्वतंत्रता दिवस समारोह राज्यपाल के सलाहकार के नेतृत्व में मनाया जाएगा। मंडल, जिला और उप जिला स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे।

पहलू खान मामले में छह आरोपी बरी

पेज 1 का बाकी

अदालत के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, 'यह उन लोगों के मुंह पर करारा तमाचा है, जो इस मामले की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने की कोशिश कर रहे थे।' पहलू खान पक्ष के वकील कासिम खान ने कहा, 'अदालत के फैसले की प्रति मिलने के बाद हम इसका अध्ययन करेंगे और आगे अपील करेंगे। हमें उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा।' खान (55) के बेटे इरशाद ने भी कहा कि वह अदालत के इस फैसले से खुश नहीं हैं और आगे अपील करेंगे। बहुचर्चित घटना के समय राज्य के गृहमंत्री रहे व फिलहाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने अदालत का फैसला आने के बाद कहा, 'तत्कालीन भाजपा सरकार इस घटना के बाद जो कुछ कार्रवाई कर सकती थी, वह की। लेकिन इस मामले को एक विशेष (राजनीतिक) रंग देकर देश भर में उठाया गया, मानों हम इस तरह की हत्याओं के पक्षकार हैं।'

यह घटना दो साल पहले की है, जब खान एक अप्रैल 2017 को जयपुर से दो गाय खरीद कर जा रहा था तभी बहरोड़ में भीड़ ने गौ तस्करी के शक में उन्हें रोक लिया। खान और उसके दो बेटों की भीड़ ने कथित तौर पर पिटाई की। इसके बाद, तीन अप्रैल को इलाज के दौरान अस्पताल में खान की मौत हो गई। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

इस मामले में बहरोड़ पुलिस थाने में सात एफआइआर दर्ज की गई थी, जिनमें एक प्राथमिकी खान की कथित हत्या और छह गोवंश के अवैध परिवहन से संबद्ध थी। पहलू की हत्या के मामले में जिन छह को आरोपी बनाया गया था, उन्हें अदालत ने बुधवार को बरी कर दिया। हालांकि बाकी छह मामलों में जांच चल रही है।

नई व्यवस्था से जम्मू-कश्मीर के लोगों को होगा बहुत फायदा : कोविंद

नई दिल्ली, 14 अगस्त (भाषा)।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को विश्वास जताया कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के फैसले से 'वहां के निवासी बहुत अधिक लाभान्वित होंगे।'

73वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कोविंद ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए हाल ही में किए गए बदलावों से वहां के लोग के बहुत अधिक लाभान्वित होंगे। वे भी अब उन सभी अधिकारों और सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे जो देश के दूसरे क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को मिलती हैं।

गौरतलब है कि भाजपा सरकार ने पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने और राज्य को दो हिस्सों में विभाजित करने का फैसला लिया था। इससे जुड़े संकल्प व विधेयक को संसद की मंजूरी मिल चुकी है। दोनों केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख 31 अक्तूबर 2019 से अस्तित्व में आएंगे।

73वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संबोधन

- **जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए हाल ही में किए गए बदलावों से वहां के लोग के बहुत अधिक लाभान्वित होंगे। वे भी अब उन सभी अधिकारों और सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे जो देश के दूसरे क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को मिलती हैं।**

कोविंद ने जम्मू-कश्मीर में किए गए बदलावों का जिक्र करते हुए उस महान पीढ़ी को याद किया, जिन्होंने देश को आजादी दिलाई थी। राष्ट्रपति ने कहा कि जिस महान पीढ़ी के लोगों ने हमें आजादी दिलाई, उनके लिए स्वाधीनता, केवल राजनीतिक सत्ता को हासिल करने तक सीमित नहीं थी। (बल्कि) उनका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के जीवन और समाज की व्यवस्था को बेहतर बनाना भी था। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि हाल ही में लागू हुए नए कानूनों और मौजूदा कानूनों में संशोधन से भी जम्मू-कश्मीर के निवासी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि तीन तलाक जैसे अभिशाप के खत्म हो जाने से वहां की हमारी बेटियों को भी न्याय व भयमुक्त जीवन जीने का अवसर मिलेगा। कोविंद ने कहा कि वे भी अब समानता को बढ़ावा देने वाले प्रगतिशील कानूनों और प्रावधानों का उपयोग कर सकेंगे। 'शिक्षा का अधिकार' (आरटीई) कानून लागू होने से सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की यह विशेषता है कि हम सब प्रकृति के लिए और सभी जीवों के लिए प्रेम और करुणा का भाव रखते हैं। उदाहरण के लिए, पूरी दुनिया के जंगली बाघों की तीन-चौथाई आबादी को हमने सुरक्षित बसेरा दिया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के लोग, अपने ज्ञान और विज्ञान के बल पर चांद और मंगल तक पहुंचने की योग्यता रखते हैं। कोविंद ने देश की समावेशी संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा कि भारत का समाज तो हमेशा से सहज और सरल रहा है, तथा 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर चलता रहा है। हम भाषा, पंथ और क्षेत्र की सीमाओं से ऊपर उठकर एक दूसरे का सम्मान करते रहे हैं।

भाजपा में शामिल हुए सोवन चटर्जी, तृणमूल को झटका

नई दिल्ली/कोलकाता, 14 अगस्त (भाषा)।

कोलकाता के पूर्व महापौर और तृणमूल कांग्रेस के विधायक सोवन चटर्जी बुधवार को नई दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। चटर्जी सक्रिय राजनीति से दूर हो गए थे। तृणमूल उन्हें फिर से सक्रिय राजनीति में लाने का प्रयास कर रही थी।

तृणमूल के एक वरिष्ठ ने कहा, 'हमने कभी नहीं सोचा था कि सोवान अंततः भाजपा में शामिल हो जाएंगे। यह सच है कि भाजपा नेता उनके संपर्क में थे। लेकिन हमने कभी इस बात पर भरोसा नहीं किया कि वह ममता बनर्जी को धोखा दे सकते हैं, जिन्हें वह 'मां' कहा करते थे।' एक अन्य तृणमूल नेता ने कहा, 'उनके (भाजपा में) शामिल होने से दक्षिण 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के संगठन पर असर पड़ेगा। इससे अगले साल होने वाले कोलकाता नगर निगम चुनावों पर भी असर पड़ेगा। पार्टी को लोकसभा चुनाव में भी उनकी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कौशल की कमी खली थी।' गौरतलब है कि मई में लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से तृणमूल कांग्रेस के छह विधायकों, कांग्रेस और माकपा के एक-एक विधायक ने भाजपा का दामन थाम लिया है। साल 2021 में होने वाले राज्य में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भगवा पार्टी अपनी शक्ति को बढ़ाने के लिए प्रतिद्वंद्वी पार्टी के नेताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है।

भाजपा ने लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। तृणमूल के नेताओं के अनुसार बनर्जी ने चटर्जी के राजनीतिक करियर को आकार देने में अहम भूमिका निभाई थी। 2016 विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद उन्हें तीन अहम विभाग सौंपे गए थे। चटर्जी के निजी जीवन में परेशानियों के चलते ममता बनर्जी ने पिछले साल नवंबर में उनसे तृणमूल कांग्रेस सरकार में मंत्री और कोलकाता के महापौर दोनों पदों से इस्तीफा देने के लिए कहा था।

अयोध्या मामले में राम लला विराजमान के वकील ने कहा

राम का जन्म अयोध्या में हुआ, ऐसा हिंदुओं का मानना

नई दिल्ली, 14 अगस्त (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को 'राम लला विराजमान' की ओर से दलील दी गई कि यह हिंदुओं की आस्था और विश्वास है कि अयोध्या ही भगवान राम का जन्मस्थल है और उनका जन्म विवादित ढांचे वाले स्थान पर हुआ था। 'राम लला विराजमान' की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय संविधान पीठ से कहा कि 'पुराणों' के अनुसार हिंदुओं का यह विश्वास है कि भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ था और न्यायालय को इसके आगे जाकर यह नहीं देखना चाहिए कि यह कितना तर्कसंगत है। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं।

वैद्यनाथन ने अयोध्या प्रकरण की सुनवाई में छठे दिन बहस शुरू करते हुए 1608-1611 के दौरान भारत आए अंग्रेज व्यापारी विलियम फिंच के यात्रा वृतांत का जिक्र किया जिसमें दर्ज किया गया था कि अयोध्या में एक किला या महल था जहां, हिंदुओं का विश्वास है कि भगवान राम का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा, 'यह लोगों का विश्वास है कि यही वह स्थान है जहां भगवान राम का जन्म हुआ था। इसे हमेशा से ही भगवान राम का जन्म स्थान माना गया है।' वैद्यनाथन ने कहा कि फिंच का यात्रा वृत्तांत 'अर्ली ट्रैवेल्स टू इंडिया' पुस्तक में प्रकाशित हुआ। इसमें इस बात का जिक्र है कि हिंदुओं का मानना है कि अयोध्या ही भगवान राम का 'जन्मस्थान' है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने अयोध्या के ही भगवान राम का जन्म स्थान होने के बारे में लोगों की आस्था को लेकर जोर देते हुए अपनी दलीलों के समर्थन में ब्रिटिश सर्वेक्षक मोन्टगोमेरी मार्टिन और मिशनरी जोसेफ टाइफेन्थर सहित अन्य के यात्रा वृत्तांतों का भी जिक्र किया। सुनवाई के दौरान पीठ ने वैद्यनाथन से जानना चाहा, 'पहली बार कब इसे बाबरी मस्जिद नाम से पुकारा गया?' वैद्यनाथन ने इस पर कहा, '19वीं सदी में। ऐसा कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है जिससे पता चले कि इससे पहले (19वीं सदी से पहले) इसे बाबरी मस्जिद के नाम से जाना जाता था।' इस पर पीठ ने सवाल किया, 'क्या 'बाबरनामा' इस बारे में खामोश है?'

शाह फैसल के विदेश दौरे पर रोक

पेज 1 का बाकी

पर जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। वह तुर्की के इस्ताम्बुल जाने वाले थे। आब्रजन अधिकारियों ने गृह मंत्रालय के एक आदेश के तहत उन्हें विमान में सवार होने से रोका और वापस श्रीनगर के विमान में बैठा दिया। उन्हें बुधवार को सुबह हवाई अड्डे पर ही हिरासत में लिया गया।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से ही शाह फैसल लगातार भड़काऊ बयान दे रहे हैं। सरकार ने सुरक्षा कारणों से उनके विदेश जाने पर रोक लगा दी थी और उनकी गतिविधियां सीमित किए जाने का गृह मंत्रालय ने आदेश जारी किया था। शाह फैसल ने राजनीतिक पार्टी 'जम्मू एंड कश्मीर पीपल्स मूवमेंट' गठित की है। दरअसल, शाह फैसल जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाने और राज्य को दो भागों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख-में बांटकर उन्हें केंद्र शासित प्रदेश घोषित किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले के विरोध में लगातार बयानबाजी कर रहे थे।

इमरान ने विश्व समुदाय की चुप्पी पर सवाल उठाया

पेज 1 का बाकी

वाले कश्मीर की विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यदि पाकिस्तान और भारत के बीच कोई युद्ध होता है तो विश्व समुदाय इसका जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा, 'कश्मीर और पाकिस्तान पर विश्व की नजर है। मैं कश्मीर की आवाज को हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाने वाला दूत बनूंगा।' खान ने अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने के भारत सरकार के कदम को रणनीतिक गलती करार दिया। उन्होंने भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह अंतिम कार्ड खेलकर रणनीतिक गलती की है। मोदी और भाजपा को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी क्योंकि उन्होंने कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण कर दिया है।

खान ने कहा, 'भारत ने कर्फ्यू के दौरान जो कुछ किया, हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कहेंगे कि उसके लिए आप जिम्मेदार हो। जो भी मंच होगा, वहां मैं दूत बनूंगा और कश्मीर मुद्दे को हर मंच पर उठाऊंगा।' उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान के खिलाफ भारत कोई आक्रामकता दिखाता है तो उनका देश पूरी ताकत से जवाब देगा। खान ने कहा कि पाकिस्तानी सेना के पास ठोस जानकारी है कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कार्रवाई की योजना बनाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी सेना किसी भी आक्रामकता का माकूल जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'हमारी सूचना यह है कि भारत ने कश्मीर की स्थिति से ध्यान हटाने के लिए पुलवामा बाद की कार्रवाई से भी खतरनाक योजना बनाई है।

विधायक संगीत सोम पर दर्ज मामले वापस लेने की तैयारी

पेज 1 का बाकी

जाएगी। उसके बाद फाइल वापस सरकार के पास आएगी। उन्होंने कहा कि मामलों का ब्योरा उन्हें नहीं पता है। कोई और सूचना साझा करने से पहले उन्हें फाइल देखनी पड़ेगी। पाठक ने कहा कि फिलहाल सभी चीजें शुरुआती चरण में हैं। अधिकारियों ने बताया कि सोम के खिलाफ 2013 से 2017 के बीच सात मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से चार मामले मुजफ्फरनगर और एक-एक मामला सहारनपुर, मेरठ और गौतमबुद्ध नगर का है।

इससे पहले, मुजफ्फरनगर जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इनमें से एक मामला सोशल मीडिया पर डाले गए एक फर्जी लेकिन भड़काऊ वीडियो से संबंधित है जिसमें सोम को 'क्लीनचिट' मिल चुकी है। मुजफ्फरनगर दंगा मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआइटी) ने अप्रैल 2017 में जांच अधिकारी द्वारा अदालत में अंतिम रिपोर्ट दाखिल किए जाने के बाद फर्जी वीडियो मामले में सोम को 'क्लीनचिट' दे दी थी। एसआइटी का कहना था कि सरधना निर्वाचन क्षेत्र के विधायक के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं।

विशेष जांच दल ने 2013 में मुजफ्फरनगर जिले में सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने वाले वीडियो पर सीबीआइ के जरिए अमेरिका स्थित फेसबुक, इंक से रिपोर्ट मांगी थी। एसआइटी की अंतिम रिपोर्ट के अनुसार फेसबुक ने केवल एक साल का रिकार्ड रखने की बात कहते हुए इस संबंध में कोई भी जानकारी मुहैया कराने में खुद को असमर्थ बताया था।

दरअसल

भारत के सपनों को पंख लगाते चांद की ओर बढ़ा 'चंद्रयान-2'

सात सितंबर को चांद पर उतरने की उम्मीद- चला चंद्रपथ पर- दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश होगा

बंगलुरु, 14 अगस्त (भाषा)।

चांद पर पहुंचने का भारत का सपना आहिस्ता-आहिस्ता साकार होते दिख रहा है। देश के दूसरे चंद्र मिशन 'चंद्रयान-2' ने बुधवार को पृथ्वी की कक्षा छोड़ दी। अब यह चंद्रमा की ओर बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने इसे चंद्रपथ पर डालने के लिए एक महत्त्वपूर्ण अभियान प्रक्रिया को अंजाम दिया।

अंतरिक्ष एजंसी ने बताया है कि उसने भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के दो बज कर 21 मिनट पर अभियान प्रक्रिया 'ट्रांस लूनर इंसर्शन' (टीएलआई) को अंजाम दिया। इसके बाद चंद्रयान-2 सफलतापूर्वक 'लूनर ट्रांसफर ट्राजेक्टरी' में प्रवेश कर गया। चंद्रयान-2 के 20 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने और सात सितंबर को इसके चंद्र सतह पर उतरने की उम्मीद है। इसरो ने ट्वीट किया, 'आज (14 अगस्त) ट्रांस लूनर इंसर्शन (टीएलआई) प्रक्रिया के बाद चंद्रयान-2 धरती की कक्षा से निकलेगा और चंद्रमा की ओर अपने कदम बढ़ाएगा।' अंतरिक्ष एजंसी ने कहा, 'पृथ्वी के आसपास चंद्रयान की अंतिम बार कक्षा बढ़ाने के दौरान करीब 1203 सेकंड के लिए लिक्विड इंजन का उपयोग किया गया। इसके साथ ही चंद्रयान-2 लूनर ट्रांसफर ट्राजेक्टरी में प्रवेश कर गया।'

इसरो अब तक 'चंद्रयान-2' को पृथ्वी की कक्षा में ऊपर उठाने के पांच प्रक्रिया चरणों को अंजाम दे चुका है। पांचवें प्रक्रिया चरण को छह अगस्त को अंजाम दिया गया था। इसरो ने कहा, '22 जुलाई को इसके प्रक्षेपण से लेकर अब तक चंद्रयान-2 की सभी प्रणालियां सामान्य रूप से काम कर रही हैं।' उसने बताया कि 'चंद्रयान-2' 20 अगस्त को चंद्रमा के पास पहुंचेगा और इसे चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कराने के लिए फिर से लिक्विड इंजन का उपयोग किया जाएगा।

- **देश के कम लागत वाले अंतरिक्ष कार्यक्रम को पंख लगाते हुए इसरो के सबसे शक्तिशाली तीन चरण वाले रॉकेट जीएसएलवी-एमके तृतीय-एम1 ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से 22 जुलाई को चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण किया था।**
- **इसरो के अनुसार 13 दिन बाद लैंडर 'विक्रम' अलग हो जाएगा और कुछ दिनों बाद सात सितंबर को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिग करेगा। चांद के इस हिस्से पर अभी तक कोई देश नहीं पहुंचा है।**

देश के कम लागत वाले अंतरिक्ष कार्यक्रम को पंख लगाते हुए इसरो के सबसे शक्तिशाली तीन चरण वाले रॉकेट जीएसएलवी-एमके तृतीय-एम1 ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से 22 जुलाई को चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण किया था।

इसरो के अनुसार 13 दिन बाद लैंडर 'विक्रम' अलग हो जाएगा और कुछ दिनों बाद सात सितंबर को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिग करेगा। चांद के इस हिस्से पर अभी तक कोई देश नहीं पहुंचा है।

डीसीपी ने गोली मारकर की आत्महत्या, दो लोग गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

करीब छह बजे हुई। डीसीपी ने अपने मुंह में रिवाल्वर डालकर ट्रिगर दबा दिया। उस समय उनकी पत्नी बाथरूम में थीं। गोली चलने की आवाज सुनकर वह बाहर आईं तो पति को खून से लथपथ पाया। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे अर्जुन को जगाया और पुलिस को सूचना दी। विक्रम कपूर अंबाला के रहने वाले थे और पदोन्नति के बाद वे डीसीपी बने और करीब दो साल से फरीदाबाद में पदस्थ थे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने कहा कि कपूर काफी मिलनसार और बेहतर अधिकारी थे। पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने कहा कि इस घटना से पूरा पुलिस विभाग शोक में है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम जांच में जुट गई है। आत्महत्या के असल कारणों का पता नहीं चल सका है। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी है।

संजीव भट्ट से मिलने जा रहे हार्दिक समेत दो अन्य विधायक हिरासत में

पालनपुर(गुजरात), 14 अगस्त (भाषा) ।

बर्खास्त आइपीएस अधिकारी संजीव भट्ट से मिलने जा रहे कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल सहित पार्टी के दो अन्य विधायकों और उनके करीब 27 समर्थकों को बुधवार को हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में मौत के एक मामले में भट्ट को जून में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। वह अभी पालनपुर जिला कारागार में कैद हैं।

बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक नीरज बडगुजर ने बताया कि कांग्रेस नेताओं को पालनपुर पहुंचते ही हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा, 'हमें पालनपुर की जेल में कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका थी, इसलिए हमने हार्दिक पटेल, पालनपुर और पाटन के कांग्रेस विधायकों को गिरफ्तार कर लिया।' पालनपुर के विधायक महेश पटेल और पाटन के विधायक किरीट पटेल को हिरासत में लिया गया है।

● हिरासत में मौत के एक मामले में भट्ट को जून में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी

भट्ट की पत्नी श्वेता भट्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह उन लोगों का साथ देंगी, जो उनके पति को जेल में राखी बांधना चाहती हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हार्दिक पटेल ने कहा कि वह भी उनके (श्वेता) साथ जाएंगे। परिवार का सदस्य होने के चलते संजीव भट्ट की पत्नी को उनसे मिलने की इजाजत है, लेकिन अन्य लोगों को हमने हिरासत में लिया।' भट्ट को 1990 के एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उस समय वह जामनगर जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के तौर पर नियुक्त थे।

गुजरात कैडर के इस आइपीएस अधिकारी को 2011 में निलंबित कर दिया गया था। सेवा से अनधिकृत अनुपस्थिति के आधार पर अगस्त 2015 में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था।

SOUTHERN INFOSYS LIMITED

Reg. Office: 402-A, Arunachal Building, 19 Barakhamba Road, New Delhi-110001
Ph.: 011-43045402 E-mail: southerninfosys@gmail.com Web: www.southerninfosys.com
CIN: L67120DL1994PLC059994

Extract of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30th June, 2019

(Amounts in lakhs)

Particulars	Quarter Ended			Year Ended
	30th June, 2019 (Unaudited)	31st March, 2019 (Audited)	30th June, 2018 (Unaudited)	31st March, 2019 (Audited)
Total income from operations (net)	103.80	1873.90	53.85	2187.16
Net Profit/ (loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	1.22	(20.47)	1.12	5.96
Net Profit/ (loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	1.04	(20.83)	(3.31)	(1.08)
Total Comprehensive Income for the period (comprising profit / (Loss) for the period after tax and other comprehensive income after tax)	1.04	(20.83)	(3.31)	(1.08)
Equity Share Capital	502.00	502.00	502.00	502.00
Reserves (excluding RevaluationReserve as shown in the Balance Sheet				
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (before extraordinary items)				
Basic :	0.02	(0.41)	(0.07)	(0.02)
Diluted:	0.02	(0.41)	(0.07)	(0.02)
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (after extraordinary items)				
Basic :	0.02	(0.41)	(0.07)	(0.02)
Diluted:	0.02	(0.41)	(0.07)	(0.02)

Notes:
1. The unaudited Financial Results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors in their meeting held on 13th August, 2019.
2. The statutory auditors have carried out limited review of the above financial result for the quarter ended 30.06.2019.
3. The above is an extract of the detailed format of the standalone financial results for the quarter ended 30th June, 2019 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone financial results for the quarter ended 30th June, 2019 is available on Stock Exchange website (www.bse.com) and Company's website (www.southerninfosys.com).
4. The above results are in compliance with Indian Accounting Standards (Ind As) notified under The Companies Act, 2013.

For **Southern Infosys Limited**
Rakesh Mohan Sharma
Director
DIN: 02459885

Place: New Delhi
Date: 14.08.2019

अग्रवाल डुप्लैक्स बोर्ड मिल्स लिमिटेड

CIN No. L99999DL1984PLC019052
पंजीकृत कार्यालय : 217, अग्रवाल प्रेसटीज मॉल, प्लॉट नं. 2, कम्यूनिटी सेंटर, अलॉन्ग रोड नं. 44, पीतमपुरा, दिल्ली–110034
बोर्ड: + 91 1147527700 फैक्स: +91 11 47527777
ई–मेल: agarwalduplex@gmail.com
वेबसाइट: www. agarwalduplex.net

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम

(रु. लाख में)

क्रम सं.	विवरण	30 जून, 19 3 माह (अनंकेक्षित)	30 जून, 18 3 माह (अनंकेक्षित)	31 मार्च, 19 3 माह (अंकेक्षित)	31 मार्च, 19 12 माह (अंकेक्षित)
1.	परिचालनों से कुल आय	4410.78	4030.57	3831.85	15635.03
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर विशिष्ट एवं/ अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	43.77	31.04	78.1	159.82
3.	कर से पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा/असाधारण मदों के बाद)	43.77	31.04	76.57	152.34
4.	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद)	32.00	15.06	69.41	126.68
5.	अवधि के लिए कुल समग्र आय (अवधि (कर के बाद) के लिए समग्र लाभ/(हानि) और अन्य समग्र आय (कर के बाद) से शामिल	32.00	15.06	63.55	122.82
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	1350.00	1350.00	1350.00	1350.00
7.	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	1235.58	1119.58	1235.58	1235.58
8.	अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/– प्रत्येक के)				
	1. बेसिक	0.24	0.11	0.47	0.86
	2. डायल्यूटिड	0.24	0.11	0.47	0.86

नोट:
1. उक्त सेबी (सूचीबद्ध और अन्य देयताएं आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजस के साथ दायर 30.06.2019 को समाप्त तिमाही के तिमाही अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट तथा कम्पनी की वेबसाइट (**www.msei.in**) पर भी उपलब्ध है।
2. उक्त परिणामों की लेखा समिति द्वारा समीक्षा व सिफारिश की गई थी और 13.08.2019 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में उनके द्वारा रिकॉर्ड में लिए गए थे और वैधानिक लेखा परीक्षकों ने उसकी सीमित समीक्षा की है।

अग्रवाल डुप्लैक्स बोर्ड मिल्स लिमिटेड
हस्ता./–
नीरज गोयल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00017498

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 13.08.2019

रियल ग्रोथ कमर्शियल इंटरप्राइजेज लिमिटेड

CIN-L70109DL1995PLC064254
पंजी. कार्या: 1601, आरजी ट्रेड टॉवर, प्लॉट नं. बी–7 नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली – 110034
वेबसाइट: www.realgrowth.co.in
ईमेल: rgcel1995@gmail.com
फोन नं.: 011-47770550, फैक्स: 011-47770599

सूचना

सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण अवश्यकताओं) विनियम, 2015 के विनियम 29 और 47 अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक सोमवार, 19 अगस्त, 2019 को दिल्ली में होगी, जिसमें अन्य विषयों के साथ–साथ कम्पनी के 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही और वार्षिक अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार कर अनुमोदित किया जाएगा। इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.realgrowth.co.in और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते रियल ग्रोथ कमर्शियल इंटरप्राइजेज लि.
हस्ता./–
(दीपक गुप्ता)
पूर्ण समय के निदेशक
डीआईएन: 01948274

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 13.08.2019

शुद्धिपत्र

14.08.2019 को जनसत्ता (हिन्दी, दिल्ली संस्करण) में प्रकाशित **इन्टीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** के वार्षिक साधारण सभा, पुस्तक बंद होने तथा रिमोट ई–वोटिंग में नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की बजाय सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) का उल्लेख हुआ था। अतः निवेदन है कि इसे में **नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल)** ही पढ़ा जाए। त्रुटि के लिए खेद व्यक्त किया गया है।

ASHARI AGENCIES LIMITED

CIN. L65821UP1985PLC007830
Registered Office: 601 DISCO COMPOUNDG T ROAD GHAZIABAD UTTAR PRADESH UP 201001
Email ID: kamlesharma2001@yahoo.co.in, Website: www.ashariagences.in
Statement of Unaudited Results for the Quarter ended 30.06.2019

Part I (In hundreds except Earning per share)

	Particulars	Quarter ended (30/06/2019)	previous year ended (31/03/2019)	Corresponding 3 in the previous months ended year(30/06/2018)
	(Refer Notes Below)	(Unaudited)	(Audited)	(Unaudited)
1.	Total Income from Operations	11,415.39	(53,580.26)	(18,815.76)
2.	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items*)	(6,866.42)	(124,681.77)	(30,375.36)
3.	Net Profit/(Loss) for the period before tax(after Exceptional and/or Extraordinary items*)	(6,866.42)	(124,681.77)	(30,375.36)
4.	Net Profit/(Loss) for the period after tax(after Exceptional and/or Extraordinary items)	(6,866.42)	(440,469.76)	(30,375.36)
5.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income(after tax)]	(71,095.47)	(466,550.30)	(91,784.46)
6.	Equity Share Capital	85,785.00	85,785.00	85,785.00
7.	Earning Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)			
	1. Basic :	(0.08)	(5.13)	(0.35)
	2. Diluted :	(0.08)	(5.13)	(0.35)

Notes
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI(Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange(www.bseindia.com) and the company (www.ashariagences.in)
2. The financial results have been prerepared in accordance with the Indian Accounting standards (Ind AS) as notified under the companies (Indian Accounting Standards) Rules 2016 as specified in section 133 of the Companies Act, 2013

For Ashari Agencies Limited
Sd/-
Name: Ravinder Kumar Garg
Designation: Director
DIN: 00928635

Date : 13.08.2019

प्रपत्र – 'जी'
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

(दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन)

प्रासंगिक विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	हरियाणा स्टील एण्ड एलॉयस लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	10.12.1969
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	आरओसी–दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U27104HR1969PLC005177
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	48कि.मी. स्टोन, जीटी रोड, पी.ओ. इंजिनियरिंग कॉलेज, सोनीपत, हरियाणा – 131039
6.	कार्पोरेट देनदार के संबंध में दिवाला प्रारम्भ होने की तिथि	13.02.2019
7.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	14.08.2019
8.	कोर्ट की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों के लिए पात्रता निम्नलिखित पर उपलब्ध हैं	विवरण cirpharyanasteel@gmail.com पर ई–मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है
9.	धारा 29ए के अधीन लागू अयोग्यता के मानक निम्नलिखित पर उपलब्ध है:	आईबीबीआई की वेबसाइट (www.ibbi.gov.in) पर उपलब्ध हैं अथवा cirpharyanasteel@gmail.com पर ई–मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है
10.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	30.08.2019
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	04.09.2019
12.	अनंतिम सूची के बारे में आपत्तिया प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	09.09.2019
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	14.09.2019
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	09.09.2019
15.	समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की विधि	विवरण cirpharyanasteel@gmail.com पर ई–मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है
16.	समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	09.10.2019
17.	समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि	cirpharyanasteel@gmail.com पर ई–मेल करके (विद्युत माध्यम से) क्र. सं. 21 में दिये गये पते पर हाथ से या स्पीड पोस्ट द्वारा
18.	निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि	20.10.2019
19.	समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर	अरूनवा सिकदर रजिस्ट्रेशन नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P00022/2016-17/10047
20.	समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है।	श्री अरूनवा सिकदर, डी–3, लाजपत नगर पार्ट–I, नई दिल्ली–110024 asikdar1990@gmail.com
21.	पता और ई–मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है	डी–3, लाजपत नगर पार्ट–I, नई दिल्ली–110024 cirpharyanasteel@gmail.com
22.	अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है	अतिरिक्त जानकारी समाधान प्रोफेशनल से ई–मेल आईडी : cirpharyanasteel@gmail.com
23.	प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि	15.08.2019

तिथि : 14.08.2019
स्थान : नई दिल्ली

अरूनवा सिकदर (रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल)
पंजीकरण संख्या **IBBI/IPA-001/IP-P00022/2016-17/10047**
पंजीकृत पताः डी–3, लाजपत नगर पार्ट–I, नई दिल्ली–110024
हरियाणा स्टील एण्ड अलॉयस लिमिटेड के मामले में

HDFC — WITH YOU, RIGHT THROUGH

हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.

द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली–67
दूरभाष: 011-41596676/568 CIN L70100MH1977PLC019916 वेबसाइट: www.hdfc.com

नीलामी बिक्री सूचना (बिक्री केवल ई–बोली के माध्यम से)

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

कॉलम (क) में वर्णित कर्जदार (रों) और गारंटर (रों) तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉलम (ग) में दर्शाई गई प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित अचल सम्पत्तियों जिनका हाउसिंग डेवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचडीएफसी लि.), प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (घ) में वर्णित अनुसार रचनात्मक/भौतिक कब्जा लिया था, उन्हें नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार "जैसा है जहाँ है", **"जो है जैसा है" एवं "जो भी वहाँ है"** के आधार पर बेचा जाएगा: प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत **कॉलम (क)** में वर्णित कर्जदार (रों)/बंधककर्ता (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, विधिक प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक (कों), प्रशासक (कों), संबंधित कर्जदार (रों)/बंधककर्ता (ओं) (अब मृतक), के उत्तराधिकारी और वारिस, जैसा भी मामला हो, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों व शर्तों के लिए, कृपया हाउसिंग डेवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचडीएफसी लि.) प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट, यानी, www.HDFC.Com पर दिये गये लिंक को देखें।

(क) कर्जदार (रों)/बंधककर्ता (ओं)/गारंटर (रों)/कानूनी उत्तराधिकारियों एवं विधिक प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक (कों), प्रशासक (कों), संबंधित कर्जदार (रों)/बंधककर्ता (ओं)/गारंटर (रों) (अब मृतक) के उत्तराधिकारी और वारिस, जैसा भी मामला हो, का नाम	(ख) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(ग) अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण वर्ग फीट में	(घ) कब्जे का प्रकार	(ङ) निरीक्षण की तिथि एवं समय	(च) आरक्षित मूल्य (रु.)	(छ) बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि	(ज) अग्रिम जमा राशि (रु.)	(झ) बोली बढ़ोत्तरी दर (रु.)	(ञ) नीलामी की तिथि एवं समय
1) श्री अनुराग तोमर एवं सुश्री सुनयना तोमर (ऋण खाता सं. 618315524 एवं 589758775)	30 अप्रैल, 2018 को रु. 27,06,863 (सत्ताइस लाख छह हजार आठ सौ तिरसठ रुपए)*	फ्लैट नं. ए–2, एमआईजी, भू तल, अग्र भाग एलएचएस, ज्ञान खण्ड – 1, प्लॉट नं. 152, इंदिरापुरम, गाजियाबाद एवं उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण जिसमें शामिल है: 2 बेड रूम, 1 ड्राइंग सह डाइनिंग रूम, 1 किचन दो बाथरूम, एरिया परिमाप 708 वर्ग फीट (लगभग)	भौतिक कब्जा	21–अगस्त–2019 प्रातः 11 बजे से अप. 3 बजे तक	रु. 26,00,000/– (छब्बीस लाख रुपए मात्र)	13–सित.–19	बोली राशि का 10%	रु. 10,000/– (दस हजार रुपए मात्र)	16–सित.–19 प्रातः 10.00 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक
